राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 पोल्का डॉट प्रिंटेड ड्रेस में नितांशी गोयल...



श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम... 12

गाजियाबाद, मंगलवार 04 अगस्त 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 148, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## सहरसा में पैसेंजर ट्रेन में लगी भीषण आग, पूरी तरह जलकर खाक हुआ कोच, यात्रियों में हड़कंप

**सहरसा (आरएनएस)।** बिहार के सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन पर समस्तीपुर-सहरसा पैसेंजर ट्रेन (संख्या 63344) के इंजन से जुड़े एक कोच में सोमवार तड़के भीषण आग लग गई। घटना के समय ट्रेन में यात्री सवार थे, जिससे अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 3 बजे हुई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि, जिस कोच में



आग लगी थी, वह पूरी तरह जलकर खाक हो गया। अधिकारियों के मुताबिक, आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। असिस्टेंट फायर ऑफिसर निरंजन कुमार ने बताया, हमें सूचना मिली थी कि रेलवे इंजन में आग लगी है। सूचना मिलते ही सहरसा फायर स्टेशन से एक फोम टेंडर और एक वॉटर टेंडर मौके पर भेजा गया। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

वहीं, ट्रेन में सवार एक यात्री ने बताया कि सुबह करीब 3:40 बजे सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर ट्रेन में आग लग गई। घटना के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने

> हालांकि, सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है

कहा कि उन्हें सहरसा जाना था, लेकिन आग लगने के बाद सभी यात्री करीब दो घंटे तक स्टेशन पर फंसे रहे, जिससे उन्हें भारी असुविधा हुई।

## विधानसभा में दिवंगत विधायक आलमबदी सहित पूर्व जनप्रतिनिधियों को श्रद्धांजलि, मुख्यमंत्री ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, (आरएनएस )।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निजामाबाद विधानसभा क्षेत्र (जनपद आजमगढ़) के दिवंगत विधायक आलमबदी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके निधन से प्रदेश ने एक अनुभवी राजनीतिज्ञ, लोकप्रिय जनप्रतिनिधि और समर्पित समाजसेवी को खो दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 जुलाई 2026 को 90 वर्ष से अधिक आयु में उनका निधन हुआ, जो पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका जन्म 16 मार्च 1936 को आजमगढ़ जनपद के बिंदवल गांव में हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आलमबदी विधानसभा के वरिष्ठ सदस्यों में शामिल थे और वर्तमान विधानसभा में वह पांचवीं बार



विधायक के रूप में निर्वाचित हुए थे। उन्होंने पहली बार वर्ष 1996 के मध्यावधि चुनाव में विधानसभा पहुंचने के बाद 2002, 2012, 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में लगातार निजामाबाद क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

## न्यूज डायरी

### महिला पहलवानों से यौन शोषण के आरोप के मामले में बृजभूषण शरण सिंह बरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न के आरोपों के मामले में भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को बरी कर दिया। भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह सोमवार सुबह इस मामले में फैसले से पहले दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। उन्होंने कहा, जो कहेगा कोर्ट कहेगा हम अभी कुछ नहीं कहेंगे।



कोर्ट की सुनवाई शुरू होने पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) अश्विनी पंवार ने बृजभूषण शरण सिंह को बरी करने का फैसला सुनाया। इस मामले में सह-आरोपी विनोद तोमर को भी बरी कर दिया गया है। दो जुलाई को अदालत ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह मामला छह महिला पहलवानों की ओर से पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों से जुड़ा है। जनवरी 2023 में जब नए संसद भवन का उद्घाटन हो रहा था, तो उससे कुछ किलोमीटर दूर ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया ने साथी पहलवान विनेश फोगाट के साथ मिलकर पूर्व भाजपा सांसद पर यौन उत्पीड़न और सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

उनकी शिकायतों के आधार पर पुलिस ने सांसद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। दिल्ली पुलिस की एफआईआर में बृजभूषण सिंह के अलावा डब्ल्यूएफआई के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर का नाम शामिल किया गया। जून 2023 को पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ कई धाराओं के तहत आरोप-पत्र दाखिल किया था। ट्रायल कोर्ट ने मई 2024 को 5 महिला पहलवानों के उत्पीड़न और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए थे। एक नाबालिग पहलवान ने भी बृजभूषण पर आरोप लगाए थे। हालांकि, बाद में उसने अपनी शिकायत वापस ले ली और दिल्ली पुलिस ने 'बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियमइ (पोक्सो एक्ट) के तहत उस मामले में कैंसिलेशन रिपोर्ट दाखिल की। इसके बाद मामला बंद कर दिया गया था।

### मिडिल ईस्ट में जल्द लौटेगी शांति! ट्रंप ने किया ईरान के साथ फिर से बातचीत शुरू होने का एलान

**वाशिंगटन/तेहरान।** मध्य पूर्व में लंबे समय से जारी तनाव के बीच एक बार फिर शांति की उम्मीद जगी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच जल्द ही महत्वपूर्ण समझौता हो सकता है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच सोमवार से एक बार फिर वार्ता शुरू होगी। वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने भी अमेरिका से जून में हुए समझौता ज्ञापन का सम्मान करने की अपील की है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति के विशेष विमान एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर



सकारात्मक प्रगति हुई है और ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम के मुद्दे पर भी समझौते की दिशा में बातचीत आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सोमवार दोपहर से वाशिंगटन और तेहरान के बीच नए दौर की वार्ता शुरू होगी।

ट्रंप ने खुलासा किया कि उन्होंने शुक्रवार को ईरान के खिलाफ प्रस्तावित बड़े सैन्य हमले की योजना अंतिम समय में रद्द कर दी थी। उनके अनुसार यह निर्णय सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर के आग्रह पर लिया गया।

ट्रंप ने कहा कि इन तीनों देशों के नेताओं ने सैन्य कार्रवाई के बजाय कूटनीतिक समाधान को प्राथमिकता देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि हमला किया जाता तो उसका दायरा बहुत व्यापक हो सकता था और पूरे क्षेत्र में गंभीर मानवीय संकट उत्पन्न होने की आशंका थी। उन्होंने कहा, मैं लोगों की जान नहीं लेना चाहता। हम युद्ध नहीं, बल्कि समझौता चाहते हैं।

## 17 की उम्र में खड़ी की कंपनी, अब 'चायवाला के मशहूर फाउंडर ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**दौसा (आरएनएस)।** राजस्थान के दौसा से एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे शहर को स्तब्ध कर दिया है। महज 17 साल की उम्र में अपने बिजनेस का लोहा मनवाने वाले मशहूर स्टार्टअप 'चायवाला के फाउंडर रोहित

> कुछ समय पहले ही अपना सारा चमकता कारोबार बंद कर आध्यात्म की राह पर चलने वाले रोहित ने अचानक इतना बड़ा कदम क्यों उठाया

शर्मा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। कुछ समय पहले ही अपना सारा चमकता कारोबार बंद कर आध्यात्म की राह पर चलने वाले रोहित ने अचानक इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, यह सवाल अब हर किसी के जहन में घूम रहा है और पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

**बंद कमरे में फंदे से लटकता मिला शव, परिवार में मचा कोहराम**

पुलिस अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 30 वर्षीय रोहित शर्मा दौसा की साकेत




कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहते थे। शनिवार दोपहर को जब काफी देर तक उनके कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका हुई। घबराए परिजनों ने जब दरवाजा तोड़ा, तो अंदर का खौफनाक नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। रोहित फंदे से लटके हुए थे। आनन-फानन में उन्हें उतारकर तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है, हालांकि आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।

**छोटी सी उम्र में भरी थी उड़ान, 7 शहरों में फैला था कारोबार**

रोहित शर्मा की सफलता की कहानी कई युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा रही है। उन्होंने अपनी नर्सिंग की पढ़ाई के दौरान ही सफलता के सपने बुनने शुरू कर दिए थे और महज 17 साल की उम्र में राजधानी जयपुर से अपने उद्यम की शुरूआत की थी। रोहित ने जयपुर के मानसरोवर स्थित शिप्रा पथ पर अपना पहला टी-कैफे खोला था। अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने इस वेंचर का विस्तार किया और देश के अलग-अलग शहरों में 'चायवालाजइ के सात बड़े आउटलेट स्थापित कर दिए। व्यापार के अलावा रोहित दौसा में सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।

## पंजाब कांग्रेस घबराई हुई, आपसी कलह में उलझी है: भगवंत मान



**पंजाब।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि 2027 के विधानसभा चुनाव करीब आने के बावजूद पार्टी में अंदरूनी कलह मची है और वे राज्य के मुद्दों को नजरअंदाज कर रहे हैं। अठक से बात करते हुए मान ने कहा कि कांग्रेस घबराई हुई है। उनकी आपसी लड़ाई खत्म नहीं हो रही है। वे पंजाब से जुड़े किसी भी मुद्दे पर बात नहीं कर रहे हैं। वे बस यही कह रहे हैं, 'मिस्टर बघेल, वापस जाइए'। 2027 में जनता भारी बहुमत के साथ आम आदमी पार्टी को फिर से सत्ता में लाएगी। उस दिन बठिंडा में एक जनसभा के दौरान, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को ऐसे नारों का सामना करना पड़ा जिनमें उन्हें पार्टी का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने की मांग की गई थी। इस कार्यक्रम में पंजाब कांग्रेस के प्रभारी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ-साथ पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग भी शामिल हुए। जब राजा वडिंग ने भीड़ को संबोधित करना शुरू किया, तो नारे लगने लगे। उन्होंने नारे लगा रहे समर्थकों में से एक को मंच पर बुलाया ताकि वह चन्नी को फोन कर सके। समर्थकों ने बार-बार मांग की कि कांग्रेस नेतृत्व 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए चन्नी को पार्टी का चेहरा बनाए। हंगामे के दौरान कुछ लोगों को कुर्सियां उठाते हुए भी देखा गया। यह हंगामा ऐसे समय में हुआ जब पंजाब कांग्रेस में आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति और दिशा को लेकर नेतृत्व की खींचतान साफ दिख रही थी। राजा वडिंग ने पार्टी की एकता का बचाव करते हुए भीड़ को शांत करने की कोशिश की, लेकिन चन्नी के समर्थक मौजूदा राज्य नेतृत्व के बजाय उन्हें ही नेता बनाने की अपनी मांग पर अड़े रहे। इसके अलावा, मॉनसून सत्र के दौरान विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा की अगुवाई में कांग्रेस विधायकों ने पंजाब विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार पर बार-बार परीक्षा के पेपर लीक होने का आरोप लगाया और शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के इस्तीफे की मांग की।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पप्पू यादव पर चप्पल से हमला

### सांसद ने लगाया हत्या की साजिश का आरोप

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उस समय हंगामा मच गया, जब एक युवक ने कथित तौर पर उन पर चप्पल फेंककर हमला कर दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद समर्थकों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना के दौरान कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पप्पू यादव अपने हालिया संसद प्रदर्शन और उस पर उठे विवादों को लेकर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने उनसे तीखे सवाल पूछने शुरू किए। शुरूआत में मामला केवल बहस तक सीमित रहा, लेकिन कुछ ही देर में विरोधी पक्ष की ओर से नारेबाजी शुरू हो गई। इसके बाद पप्पू यादव के समर्थक भी आक्रोशित हो गए और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया और दोनों पक्षों के बीच पहले तीखी नोकझोंक, फिर धक्का-मुक्की शुरू हो गई। हंगामा इतना बढ़ गया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस स्थल पर कुर्सियां तक फेंकी जाने लगीं। इसी दौरान एक युवक ने कथित तौर पर पप्पू यादव पर चप्पल फेंक दी। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद समर्थकों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपनी हिरासत में ले लिया। घटना के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस स्थल पर कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

घटना के बाद पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि उनके घर में घुसकर उन पर हमला किया गया और यह उनकी हत्या की साजिश का हिस्सा था। उन्होंने दावा किया कि हमलावर ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। मीडिया से बातचीत में पप्पू यादव ने कहा, अब तो रोज बाबा लोग कहते हैं कि पप्पू यादव को मारो, जला डालो, 51 लाख रुपये देंगे। मुझे मारने की साजिश थी, लेकिन मैं बच गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हमलावर के हाथ में चाकू भी था। गौरतलब है कि शुक्रवार को पप्पू यादव ने संसद परिसर में गेरुआ वस्त्र पहनकर राम मंदिर चंदा चोरी के कथित मामले को लेकर प्रदर्शन किया था।

## 30 साल का किला सिर्फ 30 दिनों में ढहा : प्रशांत किशोर

**बांकीपुर।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने रविवार को बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में अपनी जीत को 30 साल पुराने किले के ढहने जैसा बताया। उन्होंने दावा किया कि यह नतीजा दिखाता है कि बिहार की राजनीतिक प्राथमिकताएं अब रोजगार, शिक्षा और विकास की ओर बढ़ रही हैं। नतीजे के बाद पत्रकारों से बात करते हुए किशोर ने कहा कि 30 साल पुराना किला सिर्फ. 30 दिनों में ढह गया। यह इसलिए गिरा क्योंकि बिहार के लोग अब ऐसी सरकारें चाहते हैं जो चार-पांच किलो मुफ़्त राशन और जाति की राजनीति से ऊपर उठकर उनके बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए काम करें। किशोर ने चेतावनी दी कि जो सरकारें इन चिंताओं को नजरअंदाज करेंगी, उन्हें भविष्य में चुनाव में इसी तरह की हार का सामना करना पड़ सकता



है। उन्होंने कहा कि अगर वे इन मुद्दों पर काम नहीं करते हैं, तो भविष्य में भी उन्हें चुनाव के ऐसे ही नतीजे देखने को मिलेंगे।

## कार्रवाई रोकी — दिल्ली पुलिस ने जीरो एफआईआर पर कार्रवाई रोकी

## पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली नाबालिग को राहत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जंतर-मंतर पर सीजेपी के छात्र आंदोलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को बड़ी राहत मिली है। नोएडा पुलिस द्वारा दर्ज की गई जीरो एफआईआर को दिल्ली पुलिस ने आगे न बढ़ाने का फैसला किया है। इसके साथ ही इस मामले में अब कोई आगे की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

यह मामला उस समय सुर्खियों में आया था, जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में नाबालिग लड़की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करती नजर आई थी। वीडियो वायरल होने के बाद लड़की ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए कहा कि वह केवल 15 साल की है और प्रदर्शन स्थल पर मौजूद अन्य लोगों के प्रभाव में आकर उसने ऐसी बातें कह दी थीं।

माफी मांगते हुए लड़की ने कहा, मैं सिर्फ 15 साल की हूं। मैंने जो किया, वह माफ करने लायक नहीं है। मैंने बहुत गलत बातें कही हैं। यह मेरी पहली और आखिरी गलती है। मैं पूरे देश से माफी मांगती हूं। इस मामले पर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नरम रुख अपनाया था। उन्होंने कहा था कि वह भटके हुए बच्चों को माफ करते हैं और उन्हें अदालतों के चक्कर में डालने या परेशान करने से कोई सकारात्मक बदलाव नहीं आएगा। उन्होंने समाज से भी बच्चों को माफ करने की अपील की थी।वहीं, लड़की की मां ने भी प्रधानमंत्री से उनकी बेटी के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री ने उनकी बेटी को जीवनदान दिया है। साथ ही उन्होंने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी की, ताकि नाबालिगों का दुरुपयोग रोका जा सके।

गौरतलब है कि यह मामला पिछले महीने जंतर-मंतर पर छात्र आंदोलन के दौरान सामने आया था। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के विरोध में शुरू हुआ यह आंदोलन 25 जुलाई को सरकार द्वारा प्रमुख मांगें स्वीकार किए जाने के बाद समाप्त हो गया था। अब दिल्ली पुलिस के फैसले के बाद इस मामले में दर्ज जीरो एफआईआर पर आगे कोई कार्रवाई नहीं होगी।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने कश्मीरी अलगाववादी आसिया अंद्राबी की अपील पर एनआईए से मांगा जवाब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रतिबंधित महिला अलगाववादी संगठन दुख्तरान-ए-मिल्लत की संस्थापक



एवं कश्मीरी अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी तथा उनकी दो सहयोगियों की याचिका पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जवाब तलब किया है। तीनों ने आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े मामले में निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने और सजा सुनाए जाने के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति विकास महाजन की खंडपीठ ने सोमवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी करते हुए मामले में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता अक्षय मलिक को आदेश दिया कि वे आसिया अंद्राबी और उनकी दो सहयोगियों द्वारा दायर सजा निलंबन याचिका पर औपचारिक जवाब दाखिल करें। सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से अदालत से आग्रह किया गया कि याचिकाकर्ताओं को किसी प्रकार की राहत न दी जाए।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# स्याना तहसील में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक का प्रदर्शन स्थगित, ज्ञापन सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक द्वारा तहसील स्याना में प्रस्तावित पैदल मार्च एवं धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। हालांकि संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक के भाई के आकस्मिक निधन के कारण पंचायत का आयोजन स्थगित कर दिया गया।

जिला संरक्षक चौधरी कुलदीप गुड्डू ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी तहसील परिसर पहुंचे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी, जिला प्रभारी धर्मवीर उर्फ गुड्डू, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र आर्य, प्रदीप गौड़, हीरालाल शर्मा, तहसील अध्यक्ष स्याना समेत सभी ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी और सैकड़ों किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी स्याना, क्षेत्राधिकारी स्याना, कोतवाली प्रभारी तथा तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की गई। चौधरी कुलदीप गुड्डू ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक द्वारा तहसील स्याना में एक बड़ी पंचायत आयोजित की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन और पुलिस प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि किसानों का किसी भी प्रकार का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक के भाई के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। इस अवसर पर सतेंद्र शर्मा, उमेश कुमार, कमल सिंह, सतवीर सिंह सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली नगर पुलिस ने एक घंटे में गुमशुदा बच्ची को सकुशल बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलन्दशहर।** कोतवाली नगर पुलिस ने "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमशुदा बच्ची को महज एक घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार, 02 अगस्त 2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला साठा स्थित देवी मंदिर वाली गली से एक बच्ची खेलते-खेलते लापता हो गई थी। काफी तलाश के बावजूद बच्ची का कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने थाना कोतवाली नगर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सजीत कुमार उपाध्याय के निर्देशन में पुलिस टीम का गठन किया गया और बच्ची की तलाश शुरू कर दी गई। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और लगातार तलाश अभियान चलाया। पुलिस टीम के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप गुमशुदा बच्ची को मात्र एक घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया। इसके बाद बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्ची के सकुशल मिलने पर परिजनों ने बुलन्दशहर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस टीम की सराहना की।

# चारु के भाई को पढ़ाई की पूरी जिम्मेदारी लेने पर अशोक शर्मा ने जिला पंचायत अंतुल तेवतिया का आभार व्यक्त किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर (वसीम खॉन)।** चारु कश्यप 11 साल की छात्रा की स्कूल से आते वक्त पानी के नाले में भह गई थी जिसका शव चार दिन के बाद काली नदी में मिला बेहद दुखद घटना रही पूरे प्रदेश व देश के लोग उस बिटिया के सब को ढूंढने के लिए हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी लोगों ने मंदिर मस्जिदों में जाकर के उस बेटी के शव के लिए दुआएं करी सभी समाज के लोगों ने एकता का परिचय दिया परंतु उसके बीच एक महिला अपने काम और नाम से जानी जाती हैं वह है अंतुल तेवतिया जिला पंचायत अध्यक्ष बुलंदशहर है उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए भावुक होते हुए पीड़ित परिवार के साथ दुख की घड़ी में साथ देते हुए जो एक अपनी एक सभ्यता और एक जिम्मेदार महिला होने के नाते और गरीब मजदूर किसान नौ जवानो के बीच में जाकर के उस दर्द में सम्मिलित हुई और चारु के भाई को पढ़ाई की पूरी जिम्मेदारी ली उनका अशोक शर्मा जिला अध्यक्ष बुलंदशहर व राष्ट्रीय प्रमुख सचिव भारतीय किसान यूनियन धरतीपुत्र अराजनैतिक की तरफ से पूरे प्रदेश देश के कार्यकर्ताओ की तरफ से कोटि-कोटि नमन व अभिनंदन करता हूं उनको पूरा उत्तर प्रदेश एक अच्छी महिला के रूप में देख रहा है मान्य मुख्यमंत्री से भी निवेदन करना चाहता हूँ जो जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया जी को आपने एक जिम्मेदारी का पद दिया है उन्होंने सदैव बखूबी से निभाया है उसके लिए हम उनका हार्दिक आभार अभिनंदन करते हैं और अपनी बड़ी बहन का हम सभी लोग स्वागत करेंगे।

# सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर। (अशोक पाठक)** सावन माह के प्रथम सोमवार को सुबह से ही शिव मंदिरों और शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही। नगर के सभी शिवालयों को फूलों से वे लाइटिंग से दुल्हन की तरह सजाया गया। शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को गाय का कच्चा दूध दही घी शहद गंगाजल जनेऊ मिष्ठान शक्कर गंगाजल फल फूल पंचामृत, भांग बेलपत्र अबीर दीप रोली वस्त्र धतूरा गुलाल व चंदन अर्पित कर अपने सुखी जीवन के लिए प्रार्थना की। जगह-जगह भंडारे लगे । जलाभिषेक के दौरान मंदिरों में पुलिस की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे।

**श्रद्धालुओं ने सुबह-सुबह मंदिर पहुंचकर शिवलिंग पर किया जलाभिषेक**



सावन मास भगवान की आराधना के लिए खास होता है। इसमें सोमवार का भी विशेष महत्व होता है। इस महीने में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है। सावन शुरू होते ही मंदिर एवं शिवालयों में हर-हर महादेव का उद्घोष होने लगता है। पहला सोमवार होने के कारण शिवभक्त भोर से ही मंदिरों के बाहर पहुंचने शुरू हो गए। शिकारपुर झाड़ी पत मंदिर,बरासऊ शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में शिव भक्त पहुंचे। अधिक होने के कारण मंदिरों के बाहर शिव भक्तों की कतार लगी रही। गर्भ ग्रह में पहुंचकर उन्होंने ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक एवं दुग्ध अभिषेक करके देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना की। गौरतलब है कि श्रावण मास को भगवान शिव की आराधना का महीना माना जाता है जिस कारण श्रावण मास शुरू होने के साथ ही और जहां शिव भक्त कावड़िए हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने गंतव्य को लौटने शुरू हो जाते हैं। वहीं दूसरी ओर मंदिरों में भगवान शिव शंकर के भजन कीर्तन पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक का सिलसिला भी शुरू हो जाता है: मान्यता है कि सावन में आने वाले सोमवार को भगवान शिव का विधि विधान से व्रत रखकर जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। वही सभी शिवालयों पर सुरक्षा के चलते पुलिस व्यवस्था चौकस रही।

**कावड़ मार्गों पर सुरक्षा को लेकर पुलिस रही सजग**

श्रावण मास में गोमुख ऋषिकेश हरिद्वार आहार अर्वंतिका भी अनूपशहर आदि गंगा तीर्थ स्थानों से लोग कावड़ लाते हैं। कावड़ लाने वाले लोग जिन मार्गों से आते हैं उन मार्गों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस की फैंटम एवं गाड़ियां लगातार गश्त कर रहे हैं ताकि आने वाले तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। शिकारपुर से पहाड़पुर अनूपशहर बुलंदशहर डिबाई एवं जहांगीराबाद मार्गों से कावड़ लाते हैं।

# सिकंद्राबाद पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति के खाते में वापस कराए 53,914 रुपये

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**सिकंद्राबाद।** थाना सिकंद्राबाद पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए पीड़ित के खाते में 53,914 रुपये वापस कराए हैं। जानकारी के अनुसार, ग्राम चंद्रावली निवासी रविंद्र सिंह यादव ने 17 फरवरी 2026 को एनसीआरपी साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर रुपये निकाल लिए हैं। शिकायत के आधार पर थाना सिकंद्राबाद में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सिकंद्राबाद की साइबर हेल्प डेस्क ने लगातार प्रयास करते हुए पीड़ित के खाते में कुल 53,914 रुपये वापस कराए।

रुपये वापस मिलने पर पीड़ित रविंद्र सिंह यादव ने सिकंद्राबाद पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस टीम की सराहना की।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, निरीक्षक हरेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक संदीप कुमार और कांस्टेबल जितेंद्र प्रसाद की अहम भूमिका रही।

साइबर सुरक्षा सलाहः पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना खाता नंबर, पिन, ओटीपी और सीवीवी जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करें। यदि खाते से धोखाधड़ी के माध्यम से रुपये निकल जाएं तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

# पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, चोरी के दो गैस सिलेंडर बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**बुलंदशहर।** सिकंदराबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुलावठी अंडरपास के पास से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए दो गैस सिलेंडर बरामद किए हैं गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वासिफ पुत्र शकील और जैद पुत्र जलालुद्दीन उर्फ जल्लू निवासी ग्राम पीर बियावानी, थाना सिकंदराबाद के रूप में हुई है। बरामद सिलेंडरों में एक इंडेन और एक भारत गैस का सिलेंडर शामिल है।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने थाना सिकंदराबाद क्षेत्र के ग्राम बियावानी स्थित एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना सिकंदराबाद में मुकदमा संख्या 755/2026, धारा 305ए और 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी वासिफ के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक आशीष कुमार, कांस्टेबल शशिकांत, कांस्टेबल रिंकू सागर और आरक्षी दुष्यंत यादव शामिल रहे।

# हिस्ट्रीशीटर अपराधी अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** थाना अगौता पुलिस ने एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर थाना अगौता पुलिस ने ग्राम सैदपुर के पास से त्रिलोकी पुत्र तुलाराम निवासी भंडौली, थाना अगौता को गिरफ्तार किया। आरोपी थाना अगौता का हिस्ट्रीशीटर अपराधी (एचएस-70ए) है। गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना अगौता में मुकदमा संख्या161/2026, धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी के खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट और आबकारी अधिनियम समेत 1 मुकदमे दर्ज हैं।

# पेड़ से टकराई अनियंत्रित क्रेटा कार, दो युवकों की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में दिल्ली-बदायूं मार्ग पर गांव गंगाबास के पास सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में क्रेटा कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। तेज रफ्तार और अनियंत्रित हुई कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचा। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण दोनों युवक उसमें फंस गए थे। पुलिस और बचाव दल ने गैस कटर की मदद से कार के दरवाजे काटकर दोनों युवकों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार दोनों युवक डिबाई की ओर से बुलंदशहर की ओर जा रहे थे। हादसे के बाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी विशंभर दयाल ने बताया की। फिलहाल पुलिस मृतक युवकों की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है तथा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में हुए कार हादसे में मृतकों की पहचान हिमांशु अग्रवाल पुत्र विनीत अग्रवाल 30 वर्ष निवासी मोहल्ला सराय किशन चंद डिबाई मनु पुत्र रामजीलाल 22 वर्ष मोहल्ला सराय बरौनी डिवाई के रूप में हुई है।

# परिवार परामर्श केंद्र की पहल रंग लाई, काउंसलिंग के बाद एक दंपति ने साथ रहने का लिया फैसला

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संचालित महिला सैल एवं परिवार परामर्श केंद्र वैवाहिक विवादों के निस्तारण में लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में सोमवार को एक दंपति के पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई की गई। महिला सैल और परिवार परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराया गया, जिसके बाद दंपति ने एक साथ रहने और नए जीवन की शुरूआत करने का फैसला लिया।

काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी ने एक-दूसरे पर विश्वास जताते हुए भविष्य में आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ जीवन बिताने का संकल्प लिया।

वहीं, महिला सैल की प्रभारी और काउंसलरों ने दंपति को नवजीवन की शुभकामनाएं देते हुए पुरानी बातों को भूलकर आपसी समझ और प्रेम के साथ रहने की सलाह दी। महिला सैल एवं परिवार परामर्श केंद्र द्वारा वैवाहिक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे कई परिवारों को टूटने से बचाया जा रहा है।

**शोभायात्रा** धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करते है :प्रवेन्द्र लोधी

# कलश यात्रा में महिलाओ की उमड़ी भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद।** नगर के मोहल्ला लोधान स्थित लोकेश्वर मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस एवं जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक जयघोषों, भजन-कीर्तन और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे मार्ग पर भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रबल दावेदार एवं वरिष्ठ सपा नेता प्रवेन्द्र लोधी ने अपने सिर पर कलश धारण कर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा मोहल्ला लोधान से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई लोकेश्वर मंदिर परिसर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना की गई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव एवं लोकेश्वर महाराज के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश रखकर यात्रा की शोभा बढ़ाई।



नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरे समय मौजूद रहा।

इस अवसर पर लोधी समाज के लोगों ने पूर्व सभासद धर्मपाल लोधी के नेतृत्व मे मुख्य अतिथि सपा नेता प्रवेन्द्र लोधी का फूल-मालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह में समाज के गणमान्य लोगों ने उनके सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों की सराहना की।

मुख्य अतिथि सपा नेता प्रवेन्द्र लोधी ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम होते हैं। ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और सभी लोगों को मिल-जुलकर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने मंदिर समिति एवं आयोजन से जुड़े सभी लोगों को प्रथम जन्मोत्सव के सफल आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में मंदिर समिति के पदाधिकारी, लोधी समाज के गणमान्य लोग, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। विशाल भंडारे में देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा।

# अपना दल (एस) जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से की शिष्टाचार भेंट

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर/लखनऊ।** अपना दल (एस) बुलंदशहर के जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री (प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले) एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष पटेल से लखनऊ स्थित विधानसभा कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान बलरामपुर से संतोष गुप्ता भोजवाल (शिवाजी) भी मौजूद रहे। बैठक में बुलंदशहर में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने, आगामी रणनीतियों और कार्यकताओं के उत्साहवर्धन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने बुलंदशहर की विभिन्न जनसमस्याओं और स्थानीय विकास से जुड़े मुद्दों को मंत्री के समक्ष रखा। जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने कहा कि माननीय कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के मार्गदर्शन में पार्टी संगठन को जन-जन तक पहुंचाने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और संगठन के संयुक्त प्रयासों से बुलंदशहर में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा आम जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान किया जाएगा।

# सांसद के दरबार में पहुंचा गुरु नानक गर्ल्स इण्टर कॉलेज का विवाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** श्री गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज बी-ब्लॉक, लोहिया नगर, गाज़ियाबाद का विवाद आज स्थानीय सांसद अतुल गर्ग के दरबार में पहुंच गया, आश्चर्यजनक बात यह है कि सांसद जी के सामने यह मसला शिकायतकर्ता जसबीर सिंह द्वारा नहीं अपितु कॉलेज की मैनेजमेंट के उन सदस्यों द्वारा उठाया गया जिन पर अनियमितताओं और साजिश कर कॉलेज की संपत्ति हड़पने की साजिश का आरोप है।

इस विषय पर शिकायत कर्ता का पक्ष जानने के लिए हमारे संवाददाता ने संपर्क किया तो जसबीर सिंह कहना था कि मैंने तो सार्वजनिक रूप और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सामने यह मसला इसलिए नहीं उठाया था क्योंकि मेरा मनना है कि यह सिख समाज का आंतरिक मसला है और गाजियाबाद की सिख संगत अपनी परंपराओं के अनुसार इस मसले को निपटाने में समर्थ है, उनका कहना है कि जरा-जरा बात पर पांच प्यारों के समक्ष लोगों को हाज़िर होने का फरमान भेजने वाले इस मसले पर क्यों पांच प्यारों की अगुवाई में संगत के सामने अपने ऊपर लगे इल्जामों पर सफाई नहीं देना चाहते?

उन्होंने यह भी कहा कि यदि स्कूल के प्रबंधक सिख संगत और समाज के प्रतिष्ठित लोगों सामने यह स्वीकार कर लें कि वह ऐसी कोई साज़िश नही कर रहें हैं, और समाज के सभी सम्मानित लोगों को साथ लेकर सोसाइटी के बायलॉज के अनुसार पारदर्शी तरीके से विद्यालय को चलाया जाएगा तो वह तुरन्त इस मुद्दे को समाप्त कर देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी जनप्रतिनिधि कभी भी किसी भी अनैतिक व समाज विरोधी कार्य अथवा अपराधिक साजिश का समर्थन नहीं कर करेंगे।

# सावन के पहले पवित्र सोमवार पर गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी के श्री शिव बालाजी धाम मंदिर में उमड़ी आस्था

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** सावन के प्रथम सोमवार पर राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी के श्री शिव बालाजी धाम मंदिर में सोमवार सुबह से ही

**सुबह 5 बजे से हुआ रुद्राभिषेक व जलाभिषेक**

भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सावन के पहले सोमवार का विशेष धार्मिक महत्व होने के कारण सुबह 5 बजे से ही मंदिर के कपाट खुल गए और विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जल, दूध, पंचामृत, बेलपत्र, धतूरा, आक के पुष्प तथा अन्य पूजन सामग्री से अभिषेक कर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की। सावन



के पहले सोमवार पर शिवलिंग पर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, बेलपत्र और धतूरा अर्पित करने की विशेष मान्यता है। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित राजीव मिश्रा ने बताया कि सावन माह भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है और पहले सोमवार को रुद्राभिषेक का विशेष महत्व माना जाता है। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं से पूजा-अर्चना कराई तथा भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने का संदेश दिया।

सुबह से ही गुलमोहर एन्क्लेव के अलावा आसपास की कॉलोनियों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंज उठा। महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और बुजुर्गों ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ पूजा-अर्चना की। मंदिर को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था और पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बना रहा।

पूर्व अध्यक्ष रश्मि चौधरी ने बताया कि सावन माह के प्रत्येक सोमवार को विशेष रुद्राभिषेक एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी के SP-1 टावर में फायर सेफ्टी नियमों के उल्लंघन का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में फायर सेफ्टी व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सोमवार को सोसायटी निवासी एवं आरडब्ल्यूए फेडरेशन गाजियाबाद के मीडिया प्रभारी गौरव बंसल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर SP-1

**फायर डक्ट पर कब्जा और ओवरहेड टंकी से निजी मोटर लगाकर डायरेक्ट पानी लेने की शिकायत, गौरव बंसल ने डीएम से की जांच व कार्रवाई की मांग**

टावर में कथित फायर सेफ्टी नियमों के उल्लंघन, फायर डक्ट पर अवैध कब्जे तथा ओवरहेड पानी की टंकी से निजी मोटर लगाकर डायरेक्ट पानी लेने की शिकायत करते हुए पूरे मामले की तकनीकी जांच और कार्रवाई की मांग की। शिकायत में बताया गया कि SP-1 टावर की ओवरहेड पानी की टंकी में घरेलू जलापूर्ति का कनेक्शन टंकी के सबसे निचले हिस्से से लिया गया है, जबकि फायर हाइड्रेंट सिस्टम का कनेक्शन उससे ऊपर के स्तर पर है। शिकायतकताओं का कहना है कि यदि टंकी का जलस्तर कम हो जाए तो आग लगने की स्थिति में फायर हाइड्रेंट सिस्टम को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाएगा, जिससे राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हो सकता है।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि SP-1/603 फ्लैट के बाहर स्थित फायर डक्ट क्षेत्र में लकड़ी की अलमारी बनाकर उस पर ताला लगा दिया गया है तथा वहां स्थायी रूप से सोफा रख दिया गया है। आरोप है कि इससे आपातकालीन





स्थिति में अग्निशमन उपकरणों तक पहुंचने में बाधा उत्पन्न हो सकती है और यह फायर सेफ्टी मानकों का उल्लंघन है। इसके अलावा शिकायत में आरोप लगाया गया है कि SP-1/603 के निवासी विनम्र जैन जो सोसायटी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व सचिव रह चुके हैं, ने छत पर स्थित ओवरहेड पानी की टंकी से निजी मोटर लगाकर डायरेक्ट पानी लेने की व्यवस्था कर रखी है। शिकायतकताओं का कहना है कि इससे सामूहिक जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने की मांग की है।

गौरव बंसल ने कहा कि वह इस मामले को इसलिए गंभीरता से उठा रहे हैं क्योंकि इससे पहले उनके फ्लैट में भी आग लगने की घटना हो चुकी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते फायर सेफ्टी से जुड़ी खामियों को दूर नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने तथा सोसायटी में फायर सेफ्टी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की। वहीं, सोसायटी के सचिव ए.के. दोहरे से इस संबंध में संपर्क किए जाने पर उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आ गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नोटिस बोर्ड तथा संबंधित टावर पर सूचना चस्पा करवा दी गई है।

# युवान कराटे स्कूल के 11 खिलाड़ियों ने जीते 22 मेडल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** युवान कराटे स्कूल के मुख्य कोच एवं अध्यक्ष कृष्ण रावत ने बताया कि मेरठ में आयोजित ट्रेडिशनल शोतोकाई कराटे डु संगठन मेरठ में कराटे चैंपियनशिप का आयोजन शिआन दिनेश कोहली जी ने किया' युवान कराटे स्कूल की कोच व महासचिव राधा चौधरी ने बताया कि इस चैंपियनशिप में नोएडा,दिल्ली, मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली और गाजियाबाद से आए लगभग 235 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया 'जिसमें युवान कराटे स्कूल ने बेस्ट टीम का अवार्ड हासिल किया साथ ही गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम युवान रावत, लक्ष त्यागी,श्रेष्ठ प्रताप









सिंह,अवनी सिंह, मिश्का सचदेवा, राइजल सिंह हैं ।

वहीं दूसरी तरफ लव कुमार, मोहिनी कुमारी, प्राही तोमर, युगल समान्य ने सिल्वर मेडल जीता एवं अद्विका यादव ने ब्रॉन्ज मेडल जीता 'जीत कर आए सभी खिलाड़ियों का युवान कराटे स्कूल के सभी पदाधिकारीयो महेश सोनी, अजय त्यागी, डाक्टर अंकुर गौर, डाक्टर नितिन मॉरल, स्नेह त्यागी, सन्नी लालवानी एवं बॉलीवुड एक्टर एहसान खान ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भाकियू पथिक ने शकील अहमद सैफी को झज्जर तहसील अध्यक्ष किया मनोनीत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गौतमबुद्ध नगर।** भारतीय किसान यूनियन (पथिक) ने संगठन के विस्तार एवं मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शकील अहमद सैफी को जनपद गौतम बुद्ध नगर की झज्जर तहसील का अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह मनोनयन भारतीय किसान



यूनियन (पथिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय ओमपाल भाटी के निर्देश पर तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष, अल्पसंख्यक सभा, वकील अहमद उर्फ रियाजुद्दीन सैफी की संस्तुति पर किया गया। पदभार सौंपते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि शकील अहमद सैफी की मेहनत, लगन और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन को विश्वास है कि वह किसान हितों की रक्षा करते हुए संगठन की नीतियों, कार्यक्रमों एवं विचारों का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने शकील अहमद सैफी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# "सनातन संस्कृति और भगवान श्रीराम के सम्मान से कोई समझौता नहीं- महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मथुरा। संसद परिसर में भगवा और प्रभु श्रीराम के कथित अपमान पर बोले महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज, कहाझ "सनातन की आस्था का अपमान बर्दाश्त नहीं" धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें जनप्रतिनिधि, संसद की गरिमा सर्वोपरि।

संसद परिसर में सांसद पप्पू यादव द्वारा भगवा वस्त्र और प्रभु श्रीराम





के कथित अपमान को लेकर अध्यात्म गुरु महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भगवा केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, त्याग, तपस्या और राष्ट्रधर्म का प्रतीक है। इसी प्रकार प्रभु श्रीराम करोड़ों हिंदुओं की आस्था और मयार्दा के सर्वोच्च आदर्श हैं, इसलिए उनके प्रति किसी भी

**भगवा और प्रभु श्रीराम का अपमान करोड़ों सनातनियों की आस्था पर आघात"**

प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी या व्यवहार स्वीकार्य नहीं हो सकता।स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि संसद देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है, जहां सभी जनप्रतिनिधियों को गरिमा और मयार्दा का पालन करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी के बयान या आचरण से करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं, तो संबंधित व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण देना चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचना चाहिए।

उन्होंने देशवासियों से भी अपील की कि इस प्रकार के मामलों में कानून और संविधान का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखें तथा समाज में सौहार्द बनाए रखें।स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि सनातन धर्म, भगवा ध्वज और प्रभु श्रीराम का सम्मान प्रत्येक भारतीय की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा विषय है और इस पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी अत्यंत संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ की जानी चाहिए।

# जनपद में अनुसूचित जाति के निर्बल वर्ग के लिए कुक्कुट पालन में सुनहारा अवसर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** डा० एस०पी० पाण्डेय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि बैकयार्ड पोल्ट्री योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत जनपद के अनुसूचित जाति के निर्बल वर्ग से इच्छुक 500 पुरूष एवं 300 महिला अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र आमांत्रित किये जा रहे है। योजनान्तर्गत पात्र,योग्य व्यक्ति का चयन ग्रामीण एवं जनपद स्तर पर किया जाना है।योजनान्तर्गत आवेदन करने हेतु इच्छुक आवेदक को अपने ग्राम प्रधान एवं पशु चिकित्साधिकारी के समक्ष आवेदन करना होगा। ग्रामीण स्तर पर चयन ग्राम प्रधान एवं सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी द्वारा किया जाना है तथा जनपद स्तर पर अनुसूचित जाति के निर्बल वर्ग के पात्र / योग्य व्यक्ति का चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

**आवेदन हेतु पात्रता :-**

1. आवेदक जनपद का नागरिक हो।
2. आवेदक के पास रहने एवं कुक्कुट पालन की व्यवस्था हो।
3. आवेदक अनुसूचित जाति वर्ग का हो।
4. आवेदक का KYC Update बैंक खाता हो। अधिक जानकारी हेतु अपने ग्राम प्रधान ग्राम प्रशासक, नजदीकी पशु चिकित्सालय अथवा कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, गाजियाबाद में संपर्क करें।

# दिनेश कुमार गोयल ने महिला सुरक्षा एवं अवैध निर्माण जैसे जनहित के गंभीर मुद्दों को विधान परिषद में उठाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** लखनऊ उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य दिनेश कुमार गोयल एवं विजय बहादुर पाठक ने आज प्रदेश की जनता से जुड़े दो अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जनहित के विषयों को सदन में प्रभावी ढंग से उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।पहले विषय में दिनेश कुमार गोयल ने राज्य परिवहन निगम की बसों में महिलाओं की सुरक्षा हेतु लगाए गए पैनिक बटन की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में लगभग 5,000 बसों में करोड़ों रुपये की लागत से पैनिक बटन लगाए गए थे, किन्तु रखरखाव के अभाव में अधिकांश बसों में ये उपकरण निष्क्रिय हो चुके हैं। केवल गाजियाबाद क्षेत्र में ही लगभग 680 बसों में लगाए गए पैनिक बटन के कार्य न करने की



जानकारी सामने आई है। उन्होंने सरकार से तत्काल सभी बसों में पैनिक बटन की जांच कराकर उन्हें शीघ्र क्रियाशील बनाने तथा नियमित रखरखाव की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की, जिससे महिला यात्रियों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।इसके साथ ही दिनेश गोयल ने प्रदेशभर में अवैध निमार्णों की गंभीर समस्या को भी विधान परिषद में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद एवं औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर बिना स्वीकृत मानचित्र के बहुमंजिला भवन एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्मित हो रहे हैं, जिससे आमजन की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि अनेक स्थानों पर न्यायालयों के आदेशों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है, जिसके कारण भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। दिनेश गोयल ने सरकार से मांग की कि प्रदेशभर में अवैध निमार्णों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा ऐसी इमारतों की नियमित जांच एवं निगरानी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों के जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा बनी रहे।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'दीक्षारंभ 2026-27' ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरूआत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में नए इंजीनियरिंग, कंप्यूटर अनुप्रयोग,





वास्तुकला, होटल प्रबंधन एवं विज्ञान के छात्र-छात्राओं के लिए सोमवार से 'दीक्षारंभ 2026-27' ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरूआत एस.सी. गुप्ता ऑडिटोरियम में हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य पहली बार विश्वविद्यालय से जुड़ने वाले छात्र-छात्राओं को यहां की पढ़ाई, नियमों, सुविधाओं और परिसर के माहौल से परिचित कराना था। प्रबंधन, विधि अध्ययन, शिक्षा, फामेर्सी संकाय का 4 अगस्त और स्वास्थ्य विज्ञान संकाय का 17 अगस्त को होगा। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं का स्वागत करके की गई। इसके बाद दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो-चांसलर (अकादमिक) विमल कुमार शर्मा का प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव एवं कुलपति प्रो.(डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।

**बैठक** डा. वीरेन्द्र नाथ सरदाना अध्यक्ष,कृष्ण कुमार यादव मंत्री एवं महिपाल सिंह तोमर कोषाध्यक्ष मनोनीत

# आर्य केंद्रीय सभा के द्विवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** सोमवार को आर्य केन्द्रीय सभा गाजियाबाद की साधारण सभा की बैठक सत्यवीर चौधरी की अध्यक्षता में

**समाज से अंधविश्वास, पाखंड,जातिवाद जैसी कुरीतियों को दूर करने का अभियान चलाया जायेगा - कृष्ण कुमार यादव**

आर्य समाज नया आर्य नगर मेरठ रोड में ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना के साथ आरम्भ हुई।मंत्री नरेन्द्र पांचाल ने गत बैठक की कार्यवाही को पढ़ कर सुनाया,जो सर्वसम्मति से पास हुआ।कोषाध्यक्ष संत लाल मिश्र ने द्विवार्षिक आय व्यय का विवरण सी ए द्वारा प्रमाणित प्रस्तुत किया।

पश्चात निर्वाचन अधिकारी के रूप में श्रद्धानंद शर्मा तथा पर्यवेक्षक विजय पाल कसाना के नेतृत्व में सर्वसम्मति से डाँ वीरेन्द्र नाथ सरदाना को अध्यक्ष,कृष्ण कुमार यादव को महामंत्री एवं महिपाल सिंह तोमर को कोषाध्यक्ष निर्वाचित करते हुए नई कार्यसमिति के चयन का अधिकार भी दिया गया।नवनिर्वाचित प्रधान डा वीरेन्द्र नाथ सरदाना ने सभा का प्रधान चुने जाने पर आर्य प्रतिनिधिओं का आभार व्यक्त करते हुए वेद प्रचार के कार्य को जन जन तक पहुंचाने के लिए कहा संकल्पित हैं।





नवनिर्वाचित महामंत्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि सभा अधिकारिओं ने मुझे इस लायक समझा है जो मुझे यह कार्य भार सौंपा है।उनको जो मुझसे अपेक्षाएं हैं हम उस पर खरे उतरेंगे।आप सभी के सहयोग से स्वामी दयानन्द जन्मोत्सव,आर्य समाज स्थापना दिवस,ऋषि बोधोत्सव एवं श्रद्धानंद बलिदान दिवस को हर्षोल्लास से मनाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि महर्षि दयानन्द ने समाज से अंधविश्वास, पाखंड, जातिभेद, अस्पृश्यता जैसी कुरीतियों को दूर करने का अभियान चलाया और वैदिक शिक्षा,स्त्री-शिक्षा, स्वतंत्रता एवं सामाजिक न्याय जैसे आधुनिक जीवन मूल्यों को वैदिक दृष्टिकोण से स्थापित किया।आज उसी कार्य को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

कोषाध्यक्ष महिपाल सिंह तोमर ने कहा कि आर्य समाज युवाओं के बीच वैदिक संस्कृति को प्रचारित प्रसारित करने में अपनी वैचारिक शक्ति लगाए,ताकि आने वाली पीढ़ी वैदिक संस्कृति और राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा सके। नव निर्वाचित मीडिया प्रभारी प्रवीण आर्य ने कहा कि उन्होंने पूर्व में वर्षो तक सभा के महामंत्री पद को सुशोभित किया है।वे अब नवनिर्वाचित अधिकारिओं के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर कार्य करेंगे तथा स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर निकलने वाली विशाल शोभा यात्रा को हर्षोल्लास के साथ सबको साथ लेकर महानगर में निकालेंगे।

शांतिपाठ एवं जलपान के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

# सावन के पहले सोमवार महादेव पहुंचे शिवभक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सावन के पहले सोमवार को लोधा क्षेत्र स्थित श्री खेरेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज से आए शिवभक्तों ने लंबी कतारों में लगकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर श्हर-हर महादेवश और श्बम-बम भोलेश के जयघोष से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर में बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गईं, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रही।



शिवभक्तों ने भगवान शिव को गंगाजल, बेलपत्र, दूध और धतूरा अर्पित कर पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र भक्तों से खचाखच भरा रहा। खेरेश्वर महादेव मंदिर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

# कांवरियों का हंगामा: अतरौली पेट चौराहे पर टेंपो बैक करते समय जल छलकने पर चालक की पिटाई, पुलिस ने बचाया


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली (अलीगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पेट चौराहे के पास उस समय भारी हंगामा और अफरा-तफरी मच गई, जब एक टेंपो चालक द्वारा वाहन बैक करते समय एक कांवरिया को हल्की टक्कर (ठस) लग गई। इस मामूली टक्कर के कारण कांवरिया के पास मौजूद कांवड़ से पवित्र गंगाजल छलक गया। जल छलकने से आक्रोशित हुए कांवरियों ने मौके पर ही हंगामा शुरू कर दिया और टेंपो चालक की जमकर पिटाई कर दी।

**वाहन को पहुंचाया नुकसान, चालक घायल**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना सोमवार दोपहर की है। पेट चौराहे के पास टेंपो (पंजीकरण संख्या: वढ 81 FT 5414) का चालक वाहन को पीछे (बैक) कर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक कांवरिया से टेंपो का हिस्सा छू गया। जल अपवित्र होने और गिरने की बात से गुस्साए कांवरियों के गुट ने आपा खो दिया। उन्होंने न सिर्फ चालक को बुरी तरह पीटा, बल्कि टेंपो के साथ भी तोड़फोड़ की, जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।







**पुलिस ने समय रहते बचाई जान**

हंगामे और मारपीट की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस बल ने कड़ी मशक्कत के बाद आक्रोशित कांवरियों के बीच से टेंपो चालक को सुरक्षित बाहर निकाला और अपनी कस्टडी में लिया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामले को शांत कराया जा सका। प्रशासन द्वारा रूट पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# एजुकेशन छुपाने के मामले में सांसद सतीश गौतम के खिलाफ,सुनवाई 20 अगस्त को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान सांसद सतीश गौतम पर यह गंभीर आरोप लगा था कि उन्होंने अपना नामांकन पर्चा दाखिल करते समय अपनी शैक्षणिक योग्यता की जानकारी छिपाई थी।अलीगढ़ के एमपी-एमएलए कोर्ट में सांसद सतीश गौतम के खिलाफ चल रहे मामले में 3 अगस्त को सुनवाई हुई। सांसद की तरफ से उनके अधिवक्ता अदालत में हाजिर हुए और वकालतनामा दाखिल किया। साथ ही, सांसद की ओर से मामले में जवाब प्रस्तुत करने के लिए 20 अगस्त 2026 तक का समय मांगा गया है। अदालत ने इस पर संज्ञान लेते हुए अब अगली सुनवाई के लिए 20 अगस्त 2026 की तारीख मुकर्रर की है।



इससे पहले न्यायालय ने सांसद सतीश गौतम को नोटिस जारी कर 27 जुलाई को आपत्ति प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, लेकिन 27 जुलाई को सुनवाई न हो पाने के कारण अगली तिथि 3 अगस्त निर्धारित की गई थी। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान सांसद सतीश गौतम पर यह गंभीर आरोप लगा था कि उन्होंने अपना नामांकन पर्चा दाखिल करते समय अपनी शैक्षणिक योग्यता की जानकारी छिपाई थी। इसी बात को आधार बनाते हुए अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी रहे पंडित केशव देव गौतम ने 21 मार्च 2025 को अलीगढ़ के एमपी-एमएलए कोर्ट में सांसद सतीश गौतम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में कानूनी प्रक्रिया जारी है और अब अदालत में अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी।


# इग्नू क्षेत्रीय केंद्र अलीगढ़ में जुलाई 2026 के प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी: डॉ. अजय वर्धन आचार्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** इग्नू के जुलाई 2026 सत्र हेतु सभी कार्यक्रमों जैसे स्नातकोत्तर, स्नातक, पी.जी.डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 16 अगस्त कर दी गई है।

क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य, ने बताया कि विद्यार्थी घर बैठे इग्नू में ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से दाखिला सकते हैं जिसके लिए विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट पर दिए गये लिंक से अपनी सुविधानुसार डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग के माध्यम से अपनी फीस जमा कर सकते हैं।

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र अलीगढ़ शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार में कौशल विकास परक, व्यवसायिक परक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है कौशल रोजगार परक पाठ्यक्रम में कंप्यूटर साइंस, ग्रामीण विकास, सामाजिक कार्य, पर्यटन यात्रा प्रबंधन, औद्योगिक सुरक्षा, पत्रकारिता एवं जनसंचार, पत्रकारिता एवं संचार माध्यम, संस्कृत, उर्दू, ज्योतिष, उधमशीलता, कृषि व्यावसायिक प्रबंधन, डेयरी फार्मिंग, जैविक खेती, मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन अरबी भाषा, फ्रेंच भाषा, रशियन भाषा, जापानी भाषा, जर्मन भाषा, प्राथमिक उपचार में प्रमाण पत्र, योग में प्रमाण पत्र, लाइब्रेरी साइंस में प्रमाण पत्र, आपदा प्रबंधन में प्रमाण पत्र, भोजन और पोषण में प्रमाण पत्र, मानव अधिकार में प्रमाण पत्र, उपभोक्ता संरक्षण में प्रमाण पत्र



अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून में प्रमाण पत्र, मानव तस्करी रोकथाम में प्रमाण पत्र, गैर सरकारी संगठन में प्रमाण पत्र, व्यापार कौशल में प्रमाण पत्र, सूचना और तकनीकी कौशल में प्रमाण पत्र, सूचना सुरक्षा की आधुनिक तकनीक में प्रमाण पत्र, फैशन डिजाइन में प्रमाण पत्र, पोषण और बच्चों की देखभाल में प्रमाण पत्र, ग्रामीण विकास में प्रमाण पत्र, इवेंट प्रबंधन में प्रमाण पत्र, गाइडेंस में प्रमाण पत्र, वैदिक गणित में प्रमाण पत्र, साइबर कानून में पीजी डिप्लोमा, कृषि नीति में पीजी डिप्लोमा, नैतिक शिक्षा में डिप्लोमा, पंचायती राज प्रशासन एवं विकास में डिप्लोमा, डेयरी प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा, वाटरशेड प्रबंधन में डिप्लोमा, बागवानी में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय परिसर, रामघाट रोड, अलीगढ़ पर या फोन नंबर 8869829838 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# ट्रक से भिड़ा कैंटर,चालक की हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गभाना थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कन्होई कट पर रविवार देर रात सड़क किनारे खड़े ट्रक से कैंटर की टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कैंटर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल अवस्था में केबिन में फंस गया।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।




पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल चालक को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया लेकिन वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में मृतक की पहचान अयोध्या जनपद के बीकापुर निवासी अंकित यादव के रूप में हुई। बताया गया कि अंकित नोएडा से कैंटर लेकर अलीगढ़ की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनका वाहन कन्होई कट के पास पहुंचा, वह सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और परिवार के सदस्य अलीगढ़ के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इंस्पेक्टर गभाना मनोज कुमार ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। यदि किसी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त होती है तो उसके आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एएमयू के पूर्व छात्र रियर एडमिरल एस.एम. उरूज अथर बने भारतीय नौसेना अकादमी के प्राचार्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी कालिज के पूर्व छात्र रियर एडमिरल एस. एम. उरूज अथर ने केरल के एझिमाला स्थित भारतीय नौसेना अकादमी के प्राचार्य का पदभार ग्रहण कर लिया है। यह अकादमी भारतीय नौसेना के अधिकारियों के प्रशिक्षण की प्रमुख संस्था है।

रियर एडमिरल उरूज अथर ने वर्ष 1991 में जाकिर हुसैन इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने वर्ष 1987 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की बारहवीं कक्षा की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था तथा इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में तीसरा स्थान हासिल किया था। इसके बाद फरवरी 1992 में उन्हें भारतीय नौसेना में अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। तीन दशक से अधिक के अपने गौरवपूर्ण सेवाकाल में उन्होंने नौसेना में अनेक महत्वपूर्ण परिचालन, शैक्षणिक और प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। मौसम विज्ञान, समुद्र विज्ञान तथा उपग्रह मौसम विज्ञान के विशेषज्ञ रियर एडमिरल अथर ने भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, पुणे तथा अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, अहमदाबाद से उच्च स्तरीय व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वह डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन तथा कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट, सिकंदराबाद के भी पूर्व छात्र हैं।



वर्तमान दायित्व संभालने से पूर्व वह नौसेना मुख्यालय में नौसेना शिक्षा निदेशालय के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। इस दौरान उन्होंने भारतीय नौसेना में शिक्षा नीति, व्यावसायिक प्रशिक्षण और शैक्षणिक कार्यक्रमों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कमोडोर (नौसेना शिक्षा) तथा नेवी एजुकेशन सोसायटी के उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया और नौसेना द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों का मार्गदर्शन किया। भारतीय नौसेना अकादमी के प्राचार्य के रूप में रियर एडमिरल उरूज अथर अब अधिकारी कैडेटों के शैक्षणिक, व्यावसायिक, शारीरिक तथा नेतृत्व प्रशिक्षण की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# भक्तों पर अपनी कृपा बरसाते हैं पातालेश्वर महादेव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिजौली।** कस्बा स्थित प्राचीन शिव मंदिर भक्तों की आस्था एवं श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है। ऐसी मान्यता है कि मंदिर आने वाला कोई भी भक्त निराश होकर नहीं लौटता है। हर वर्ष यहां शिवरात्रि और सावन माह में मेले का आयोजन होता है। यहां पातालेश्वर



महादेव मंदिर में शिवलिंग के रूप में भोलेनाथ विराजमान हैं। जिला मुख्यालय से मंदिर की दूरी 40 किमी है। मान्यता है कि द्वापर युग में धुंध ऋषि की तपो भूमि पर स्वर्ग से सभी देवता एकत्रित होकर गंगा स्नान के लिए गए थे। वापसी में देवताओं ने कहा कि तपो भूमि पर कौन रुकेगा? तब सभी देवताओं ने इन्कार कर दिया। इस पर भोलेनाथ स्वयं पातालेश्वर महादेव के रूप में यहां विराजमान हो गए। मान्यता यह भी है लगभग 1200 वर्ष पूर्व कुछ मजदूर टीले की खुदाई कर रहे थे। तभी एक मजदूर का फावड़ा किसी चट्टान पर टकराने जैसी आवाज से रुक गया। खुदाई पर वहां शिवलिंग नजर आया, उससे दूध की धार बहने लगी। शिवलिंग को कहीं और स्थापित करने के लिए मजदूरों ने लगभग 50 फुट तक खुदाई की, लेकिन कोई छोर नहीं मिला तो ग्रामीणों ने उसी स्थान पर मंदिर स्थापित करा दिया। तब से इस मंदिर का नाम पातालेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध हुआ। पातालेश्वर महादेव मंदिर लगभग दो एकड़ में फैला हुआ है। आज सावन के पहले सोमवार पर भक्तो की भारी भीड़ देखने को मिली। मंदिर प्रशासन, पुलिस प्रशासन के सहयोग से हावड़ा के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई। भक्तों ने भोले बाबा के जलाभिषेक कर मनोकामना पूरी की।

# निजी अस्पताल मरीज की मौत पर परिजन ने किया हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** क्वार्सी चौराहे स्थित एक निजी अस्पताल पर मेडिकल लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है। परिजनों का आरोप है कि कैंसर मरीज के इलाज में लापरवाही बरती गई, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और बाद में दूसरे अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों ने रविवार रात में करीब 10 बजे अस्पताल के बाहर हंगामा कर कार्रवाई की मांग की। एटा चुंगी क्षेत्र निवासी 48 वर्षीय ऋषि कुमार शर्मा कैंसर से पीड़ित थे और उनका इलाज चल रहा था। मृतक के पुत्र उत्तम कुमार ने आरोप लगाया कि कीमोथेरेपी के बाद उनके पिता के हाथ में दिक्कत हो गई थी। इसके इलाज के लिए उन्हें क्वार्सी चौराहे स्थित बघेल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में इलाज के दौरान कथित



लापरवाही के कारण मरीज की हालत लगातार बिगड़ती गई। इसके बाद उन्हें वरुण हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मरीज की मौत से नाराज परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर मेडिकल नेग्लिजेंस का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। रविवार रात करीब 10 बजे सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। परिजनों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय हो गया है। पुलिस के अनुसार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। पूरे मामले की जांच के लिए तीन डॉक्टरों का विशेषज्ञ पैनल गठित किया जाएगा और पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई जाएगी और परिजनों को नियमानुसार हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। पुलिस का कहना है कि दो दिन पहले डीएम से की गई शिकायत और अस्पताल पर लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच समिति की रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

# परिवार छत पर और चोरों ने दीवार काटकर घर में करली लाखों की चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सोमवार को बरला थाना क्षेत्र के ग्राम इज्जतपुर निवासी विजय कुमार पुत्र भूरी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात वह अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ घर की छत पर सो रहे थे। सुबह लगभग 4 बजे जब उनकी पत्नी पशुओं को चारा डालने के लिए नीचे आईं, तो उन्होंने देखा कि घर की दीवार कटी हुई थी और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। विजय कुमार के शोर मचाने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पीड़ित के अनुसार, चोर घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 4,000 रुपये नकद चुरा ले गए। इस घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दे दी गई है।



**सम्मान** खेलो इंडिया में रजत पदक जीतने वाली तनुश्री को दीक्षांत समारोह में मिला सम्मान, 4.20 लाख रुपये का चेक भी प्रदान

# अलीगढ़ की गोल्डन गर्ल तनुश्री तोमर का फिर बढ़ा मान, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** अलीगढ़ की गोल्डन गर्ल तनुश्री तोमर ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटीज गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीतने वाली तनुश्री को आगरा विश्वविद्यालय के 92वें दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया।

सावन के प्रथम सोमवार को खंदारी कैंपस में आयोजित दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को उपाधियां, पदक और सम्मान प्रदान किए। इसी दौरान तनुश्री तोमर को भी रजत पदक पहनाकर सम्मानित किया गया।राज्यपाल ने समारोह में कुल 21 मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए प्रत्येक को प्रोत्साहन स्वरूप 4 लाख 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। तनुश्री को मिला यह सम्मान उनकी खेल प्रतिभा और शैक्षणिक उपलब्धियों का बड़ा प्रमाण माना जा रहा है। समारोह के दौरान एक भावुक क्षण तब आया, जब एक छात्रा के किसान पिता की बात सुनकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा, "मैं भी किसान की बेटी हूं।" उन्होंने छात्रा और उसके परिवार को बधाई देते हुए मेहनत और शिक्षा के महत्व पर बल दिया।









तनुश्री तोमर इससे पहले दिसंबर 2025 में जयपुर में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटीज गेम्स में रजत पदक जीतकर अलीगढ़ और उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ा चुकी हैं। अब राज्यपाल के हाथों सम्मानित होने के बाद उनकी उपलब्धियों में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। तनुश्री की इस सफलता से पूरे अलीगढ़ में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने इसे जिले की युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# किसान मजदूर संगठन का विस्तार, गफ्फार हसन बने जिला सचिव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (राशिद अली)।** किसान मजदूर संगठन की देहपा में आयोजित



मासिक बैठक में संगठन के विस्तार और आगामी गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान हिम्मतनगर देहपा निवासी गफ्फार हसन को सर्वसम्मति से जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें नियुक्ति पत्र देकर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ललित राणा ने कहा कि संगठन किसानों और मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए गांव-गांव तक अपनी पहुंच मजबूत करेगा। उन्होंने कार्यकताओं से सदस्यता अभियान में तेजी लाने और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने का आह्वान किया।

नवनियुक्त जिला सचिव गफ्फार हसन ने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा तथा उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का भरोसा दिया। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना, सदस्यता अभियान और ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क बढ़ाने को लेकर भी रणनीति तैयार की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुधीर चौधरी, वीरेंद्र गिल, डॉ. वकील, रामावतार, हाशिम सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सावन का प्रथम सोमवार: शिवालयों में जलाभिषेक करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** सावन के प्रथम सोमवार को जनपद के सभी मंदिरों में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए सुबह से दोपहर तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के बाद भोले

- जनपद में मंदिर परिसर गूंजे भोले बाबा के जयकारों से
- मंदिरों के निकट सफाई व्यवस्था कराकर,चूना डलवाया
- श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर खीर आदि का प्रसाद किया वितरित
- एसपी ने ब्रजघाट पर यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

बाबा के नाम के जयकारे लगाये। जिससे मंदिर परिसर जयकारों से गूंजने लगे। सोमवार को महिला,पुरूषों व छोटे छोटे बच्चों ने भी व्रत रखकर भोले बाबा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। वहीं पुलिस अधीक्षक ने ब्रजघाट पर











यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर गंगा घाटों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिये।

श्रावण मास के प्रथम सोमवार को ग्राम सबली स्थित प्राचीन शिव मंदिर,छपकौली स्थित शिव मंदिर,स्वर्ग आश्रम रोड स्थित चौराखी मंदिर,शीतला माता मंदिर,बराही मोहल्ला स्थित शिव मंदिर,चंडी रोड स्थित शिव मंदिर,बुलन्दशहर रोड स्थित मंशा देवी मंदिर,माहेश्वरी मंदिर सहित अन्य जनपद के अन्य प्रमुख मंदिरों में सोमवार की तड़के से दोपहर तक शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए महिला व पुरुषों के साथ साथ बच्चों की भी भीड़ लगी रही। बच्चों व महिलाओं द्वारा मंदिर परिसर में भोले शंकर के जयकारे लगाने के वहां वातावरण भक्तिमय हो गया।

मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधक कमेटी ने व्यापक प्रबंध किये थे। जिससे श्रद्धालुओं को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मंदिरों की श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया। वहीं दूसरी ओर जनपद में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने खीर व हलवे का प्रसाद भी वितरित किया।

सावन के प्रथम सोमवार के मौके पर नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के सभी मंदिरों के निकट सफाई व्यवस्था कर चूने का छिड़काव किया।

नगर पालिका परिषद के मुख्य सफाई निरीक्षक आवेश कुमार ने बताया कि सफाई नायकों ने अपनी मौजूदगी में मंदिरों के निकट सफाई व्यवस्था कराकर कली का डलवाई। सफाई नायकों को निर्देशित किया गया है,कि शहर में सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रहनी चाहिए। दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों के ब्रजघाट पर यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। और गंगा घाटों को निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# मां का दूध शिशु के लिए पहला अमृत, विशेषज्ञों ने बताए स्तनपान के फायदे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**








**पिलखुवा।** विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जीएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में सोमवार को जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, नवप्रसूता माताओं और उनके परिजनों को स्तनपान के महत्व तथा शिशु के समुचित पोषण से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दी गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि जन्म के पहले घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करने से नवजात की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और कई गंभीर संक्रमणों का खतरा कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन के पहले छह माह तक शिशु को केवल मां का दूध ही दिया जाना चाहिए, क्योंकि यही उसके लिए सबसे सुरक्षित, पौष्टिक और संपूर्ण आहार है। जीएस विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. यतीश अग्रवाल ने कहा कि स्तनपान केवल शिशु के पोषण का माध्यम नहीं, बल्कि मां और बच्चे के बीच भावनात्मक संबंध को भी मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान अस्पताल में परामर्श शिविर, जागरूकता सत्र और स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. अंशुमन, डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. शरद गोयल, डॉ. एस. कुमार सहित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और मेडिकल छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# शिवभक्तों ने बाबा केदारनाथ का गंगाजल से जलाभिषेक किया: महेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** श्रावण मास के पहले सोमवार को बोल बम के जयघोष के साथ गोमुख के पवित्र गंगाजल जल से शिवभक्तों ने बाबा केदारनाथ का जलाभिषेक किया

**शिवक्तों का जत्था 23 जुलाई को गौमुख के लिए रवाना हुआ था**




गया। शिव भक्तों का जत्था 23 जौलाई को हापुड़ के श्री मां मंशा देवी मंदिर से रवाना हुआ नौ दिन की दुर्गम पैदल यात्रा कर भक्त गोमुख पहुंचे और वहां से मां गंगा का जल लेकर केदारनाथ ज्योतिर्लिंग धाम पहुंचे लगभग 380 किलोमीटर की पदयात्रा के बाद सोमवार को पूजा के साथ विधि विधान से जलाभिषेक किया। हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा केदार धाम गूंज उठा भक्तों ने देश की सुख समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। शिवभक्त महेश तोमर ने बताया गोमुख का जल सीधे मां गंगा का उद्धम स्थान है । सावन के पहले सोमवार को इस जल से बाबा केदारनाथ का अभिषेक करना हमारे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है । शिव भक्त गंगनानी,बेलक बुग्याल,बुढाकेदर,भैरव चट्टी, घुत्तू ,पवाली कांडा, त्रिजुगीनारायण की दुर्गम चढ़ाई उतराई करते हुए बाबा केदारनाथ धाम पहुंचे और बाबा केदारनाथ का जलाभिषेक किया।

शिव भक्तों के जत्थे में महेश तोमर,सुरेंद्र कुमार, सुनील शर्मा, हरेन्द्र तोमर,नगेन्द्र बाना, बंटी सिंह, सोनू सैनी, राहुल,प्रशान्त शामिल है।

# देहपा महादेव में शिवभक्तों का रेला, घंटों कतार में रहे श्रद्धालु

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** सावन के पहले सोमवार पर देहपा स्थित प्राचीन महादेव मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहा। ब्रह्ममुहूर्त से ही शिवभक्तों का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया और सुबह चढ़ते-चढ़ते जलाभिषेक के लिए मंदिर परिसर से बाहर तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। दिनभर भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजन का सिलसिला लगातार चलता रहा।

श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र, पुष्प, धतूरा और भांग अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और कांवड़ियों सहित आसपास के गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। पूरे दिन मंदिर



परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गुंजायमान रहा।

मंदिर के पुजारी मनोज शास्त्री ने बताया कि सावन का पहला सोमवार विशेष धार्मिक महत्व रखता है, इसलिए हर वर्ष यहां हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। देर शाम तक दर्शन-पूजन का क्रम जारी रहा और मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

# विजय पताका छड़ी का हुआ क्रांतिकारी ठाकुर दुर्गा सिंह की हवेली पर प्रथम पूजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना ।** 1857 की क्रांति के नायक ठाकुर दुर्गा सिंह की हवेली धौलाना पर सोमवार को विजय पताका छड़ी को लेकर जोगी पुजारे पहुंचे । जहां

**बीस दिन क्षेत्र भ्रमण के बाद रक्षाबंधन पर छड़ी होगी स्थापित**

क्रांतिकारी दुर्गा सिंह के वंशज विजय शिशोदिया, बहन मिथलेश शिशोदिया और चन्द्रमुखी राणा ने छड़ी का विधिवत पूजन कर रवाना किया । अब ये छड़ी रक्षाबंधन के दिन तक क्षेत्र के हर गांव में भ्रमण करेगी । जहां ग्रामीण अंचल के लोग इस छड़ी का पूजन करेंगे ।

**अपने कुल की साढ़े पांच सौ वर्ष पुरानी परम्परा का निर्वहन कर रहे है विजय शिशोदिया**



साढ़े पांच सौ वर्ष पुरानी परंपरा का निर्वहन कर विजय शिशोदिया ने अपने कुल व गुरू की ऐतिहासिक परम्परा का गौरव आज भी बढ़ा रहे है। राजस्थान के चित्तौगढ़ में से आई इस परम्परा को आज भी जीवित रखा गया। जिसमें क्रांतिकारी ठाकुर दुर्गा सिंह के वंशज इस परम्परा निर्वाहन पर खरे उतरते है ।

वीर धरा धौलाना के लोग आज भी ठाकुर दुर्गा सिंह की वीर गाथा को सुनते और सुनाते है । धौलाना के लोगों को वीर पुत्र ठाकुर दुर्गा सिंह के वंशज विजय शिशोदिया पर नाज है । जो हमारी प्राचीन परम्परा को संजोए हुए है ।

**आयोजन** संगठन विस्तार और किसान अधिकार यात्रा को लेकर बनी रणनीति

# धौलाना में किसान मजदूर संगठन की वृहत बैठक का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना ।** किसान मजदूर संगठन पूरन की मासिक बैठक रविवार को धौलाना क्षेत्र के गांव नारायणपुर में राष्ट्रीय प्रवक्ता ललित राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, युवा प्रकोष्ठ की

**जंतर मंतर प्रोटेस्ट देश विरोधी, संगठन नहीं करता समर्थन: ललित राणा**

कार्यकारिणी के पुनर्गठन तथा सितंबर माह से सहारनपुर से दिल्ली तक प्रस्तावित किसान मजदूर अधिकार यात्रा (पदयात्रा) में अधिक से अधिक किसानों और मजदूरों की भागीदारी सुनिश्चित कराने का संकल्प लिया गया।

बैठक में संगठन की मजबूती, किसान-मजदूरों के अधिकारों की रक्षा, गन्ना किसानों के बकाया भुगतान, गढ़ खादर क्षेत्र में संभावित बाढ़ की स्थिति और आपदा के समय किसानों की हरसंभव सहायता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ा रहेगा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रखेगा।

बैठक के दौरान हापुड़ जिला कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सुधीर चौधरी, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गिल के नेतृत्व में सचिन चौधरी और शैंकी ढिल्लन को जिला उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह को जिला महासचिव, सरजीत सिंह, सनेंद्र निर्वाण, गफ्फार खान और सनेंद्र श्यामपुर को जिला सचिव बनाया गया। रूपक चौधरी को जिला प्रवक्ता, डॉ. वकील को मुख्य प्रवक्ता तथा मनजीत सिंह को जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं रामेंद्र सिद्धू और डॉ. दाताराम को क्रमशः हापुड़ एवं गढ़ तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संगठन को गांव स्तर पर मजबूत करने के लिए अब्दुल्लापुर, इनायतपुर, झड़ीना, नया चांस, गढ़ावली, शाकरपुर, रामपुर, छपकोली, नागपुर, होशदारपुर गढ़ी और अपादनगर सहित कई



गांवों में ग्राम अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। बैठक में प्रदेश एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।राष्ट्रीय प्रवक्ता ललित राणा ने कहा कि "किसान और मजदूर देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। संगठन का उद्देश्य उनके अधिकारों की रक्षा करना, गन्ना किसानों को समय पर भुगतान दिलाना और हर गांव तक संगठन को मजबूत बनाना है। सितंबर में सहारनपुर से दिल्ली तक निकलने वाली किसान मजदूर अधिकार यात्रा किसानों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगी। हम सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं।

# सड़क हादसे मे युवक घायल,हाथ पर लिखे नाम से तलाश रही पुलिस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार वाहन की





टक्कर से अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

प्राथमिक जांच में सामने आया कि करीब 22 वर्षीय युवक पैदल हाईवे से गुजर रहा था। सरस्वती मेडिकल कॉलेज के सामने पहुंचते ही पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसके पास कोई मोबाइल, पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज नहीं मिले। केवल उसके दाहिने हाथ पर 'सलमान' नाम गुदा हुआ मिला है, जिसके आधार पर पुलिस उसकी शिनाख्त कराने में जुटी है। आसपास के थाना क्षेत्रों में सूचना प्रसारित कराई गई है और लापता व्यक्तियों के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

कोतवाली प्रभारी अतुल चौहान ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी थी।

## सम्पादकीय

# लोकतांत्रिक पहल का नया दरवाजा खुला



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

अवसरहीनता से जूझ रही नई पीढ़ी 'अतीत के गौरव की वापसी, 'विकसित भारत, या 'विश्व गुरु जैसी कहानियों से प्रभावित नहीं है। वह मोदी सरकार से उसके 12 साल के कार्यकाल का हिसाब मांग रही है। एक मंत्री को इस्तीफा देने पर मजबूर करने की कॉकरोच आंदोलन की सफलता से जनमत के एक हिस्से में "लोकतंत्र के जिंदा होने" का बना अहसास यही बताता है कि हालिया वर्षों में "लोकतंत्र की स्थिति" लेकर इस दायरे में कितनी मायूसी छायी रही है। यह भावना जवाबदेही तय करने वाली संस्थाओं के पंगु होने और लोकतांत्रिक अधिकारों के सिकुड़ते जाने की धारणा से पैदा हुई है। कॉकरोच आंदोलन दरअसल, इन सबसे ही गहराती हताशा एवं बढ़ते आक्रोश की सामूहिक अभिव्यक्ति का जरिया बना। इस दौरान दिखी खासकर युवा वर्ग की उत्साही भागीदारी एवं जोश भरी प्रतिक्रियाओं ने कुछ ठोस संकेत दिए। मसलन, यह कि हवाई कथानकों के जरिए जमीनी नाकामियों को छिपाने में सत्ता पक्ष को मिली कामयाबियों का दौर अब ठहर चुका है। अवसरहीनता और अंधकारमय भविष्य से जूझ रही नई पीढ़ी 'अतीत के गौरव की वापसी, 'विकसित भारत, या 'विश्व गुरु जैसी कहानियों से प्रभावित नहीं है। वह नरेंद्र मोदी सरकार से उसके 12 साल के कार्यकाल का हिसाब मांग रही है। इस अर्थ में कहा जा सकता है कि नैरेटिव कंट्रोल की मोदी की क्षमता पहली बार चूकती नजर आई। मध्य एवं उच्च मध्यम वर्ग से आए पढ़े-लिखे एवं नई संचार तकनीक के इस्तेमाल में माहिर नौजवानों ने जो किताबों में पढ़ा और सरकारी प्रचार-तंत्र से सुना, उसका परीक्षण वे हकीकत के बरक्स कर रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक पहल का नया दरवाजा खुला है। लेकिन हमें सचेत रहना चाहिए कि अक्सर स्वतःस्फूर्त, असंगठित, एवं नेतृत्व-विहीन आंदोलन ऐसा अवसर पैदा करने के बाद बिखराव का शिकार हो जाते हैं। ऐसे अवसरों का लाभ उठाने का दायित्व संगठित राजनीतिक दलों पर होता है। फिलहाल, इस बिंदु पर आशाजनक संकेत नहीं हैं। इसलिए कि नई पीढ़ी के आंदोलन से उपजी संभावना को उम्मीद जगाने वाले जिस एजेंडे से राजनीतिक पूंजी में तब्दील किया जा सकता है, भाजपा विरोधी दलों में वैसा करने की क्षमता या जज्बे का अभाव नजर आता है। अतः इस आंदोलन से मोदी की आभा भले धुंधली हो गई हो, लेकिन संभव है कि सत्ता तंत्र पर उनकी पकड़ कमजोर करने का रास्ता अभी भी दुरूह बना हुआ हो।




# "कुन्दरकी रोड पर रौशन है इल्म का मीनार: नाम है हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज"

**दैनिक बुलन्द संदेश**

कुन्दरकी, एक वक़्त था जब डींगरपुर और आसपास के गांवों के बच्चे बच्चियां इल्म की तलब में 8-10 किलोमीटर दूर कुन्दरकी और हरियाना तक बसों की छतों पर लटककर, साइकिलों पर और पैदल सफर करके अपनी जान जोखिम में डालते थे। बच्चों की इस बेबसी को देखकर गांव डींगरपुर के महमूद जावेद ने ठान लिया

### फीस नहीं हौसला चाहिए: महमूद जावेद का ऐलान, हर बेटी पढ़ेगी इंटर तक

कि अब इलाके के बच्चों को घर के पास ही बाइज्जत तालीम मिलेगी। आज उसी मेहनत का ताज है हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज - जो सैकड़ों घरों के मुस्तकबिल संवार रहा है।

**संघर्ष से कामयाबी तक का सफर**

हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज के संस्थापक / प्रिंसिपल महमूद जावेद ने तंगदस्ती के बावजूद इल्म का दामन नहीं छोड़ा। हाई स्कूल की तालीम के दौरान ही सन 1991 में तेज बुखार के कारण उनके वालिद हाजी अब्दुल कय्यूम का इंतकाल हो गया। वालिद पशुपालन विभाग में मुलाजिम थे।

महमूद जावेद के दादा सैफउल्लाह किसान थे और वालिदा का नाम अफजा बेगम है। मुश्किलात के बावजूद उन्होंने हौसला नहीं हारा।

सन 1998 में उन्होंने कुन्दरकी रोड, डींगरपुर पर चार कमरों में हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज की बुनियाद नर्सरी से पांचवीं तक रखी। सन 2000 में इसे जूनियर हाई स्कूल का दर्जा मिला। सन 2004 में हाई स्कूल और सन 2008 में इंटरमीडिएट की मान्यता हासिल हुई।

**खानदान और इदारे की टीम**

महमूद जावेद के बड़े भाई मसूद जावेद मौजूदा वक़्त में



महमूद जावेद
प्रिंसिपल/संस्थापक
हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज

पशुधन प्रसार अधिकारी हैं। छोटे भाई मशकूर अहमद कॉलेज के प्रधानाचार्य हैं और भाई के साथ मिलकर इदारे को बुलंदियों तक ले जा रहे हैं।

**कॉलेज की नुमायां कामयाबियां**

हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज में आज 25 किलोमीटर के दायरे के चारों तरफ से तलबा इल्म हासिल करने आते हैं। यहां से फारिग होने वाले कई तलबा ने विभिन्न शोबों में नाम रोशन किया है।

मोहम्मद शोएब, मोहम्मद शाहनवाज, दानिश सैफी पुलिस महकमे में, अदीबा परवीन, रूबी परवीन, रूखसार परवीन, सदफ परवीन, हैदर तालीमी महकमे में, कई तलबा लोको पायलट, सरकारी-गैर सरकारी इदारों, नर्सिंग और कारोबार में कामयाब हैं।

हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज तलबा सन 2020 में इंटर के तलबा मोहम्मद नूरेन ने जिले की टॉप-10 लिस्ट में जगह बनाकर कॉलेज का नाम रोशन किया।

सन 2026 में खतीबुल इस्लाम और अमीनुल इस्लाम का नीट में इंतखाब हुआ।

**खिदमत-ए-खल्क के लिए महमूद जावेद का ऐलान**

हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज के संस्थापक/ प्रिंसिपल महमूद जावेद का ऐलान है कि पैसे की कमी की वजह से डींगरपुर इलाके की कोई भी लड़की तालीम से महरूम नहीं रहेगी। वह पढ़ने आए, परिवार आर्थिक तंगी के कारण फीस के पैसे ना भी हो तो उसको इंटर तक की शिक्षा दिलाने का काम वह खुद करेंगे । जिससे डींगरपुर के आसपास के हर गांव की लड़की हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज से तालीम हासिल कर उच्च शिक्षा हासिल कर के कामयाबी की मंजिल पर पहुंचे।

इसके अलावा स्कूल में 200 से ज्यादा यतीम और गरीब बच्चे मुफ्त तालीम हासिल कर रहे हैं। उनका तमाम इंतजाम इदारा खुद करता है।

महमूद जावेद को डीआईओएस और कई सामाजिक तंजीमों से सम्मान मिल चुका है।

**हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज का स्टाफ**


कॉलेज में वरिष्ठ शिक्षक जहीरुल इस्लाम उप-प्रधानाचार्य हैं। प्रवक्ताओं में मोहम्मद शाहनवाज - फिजिक्स, हिमांशु शर्मा - केमिस्ट्री, बृजेश कुमार, गुरेर, बशीरुद्दीन, अरुण कुमार, राजीव कुमार, मोहम्मद वसीम, सद्दाम हुसैन, असमा परवीन, फिजा परवीन शामिल हैं।

ऑफिस में जेबा परवीन, मुन्तशा परवीन, इल्मा परवीन अपनी खिदमत अंजाम दे रही हैं। हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज के संस्थापक/प्रिंसिपल महमूद जावेद ने बताया कि इदारे की बुनियाद से लेकर आज तक असालत नगर बघा के समाजसेवी और कांग्रेस नेता अतीक अहमद ने हर कदम पर उनका साथ दिया।

# पंजाब कांग्रेस का घमासान और चुनावी समीकरण

पंजाब कांग्रेस में जारी अंदरूनी घमासान खुली बगावत और शक्ति-प्रदर्शन का मैदान बन चुका है। आगामी विधानसभा चुनावों से ठीक पहले पार्टी के भीतर मचे इस घमासान ने केंद्रीय आलाकमान की चिंताओं को बढ़ा दिया है। पंजाब कांग्रेस प्रभारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल की मौजूदगी में संगरूर और पटियाला में हुई हालिया हिंसक झड़पें, नारेबाजी और हाथापाई ने यह साबित कर दिया है कि पार्टी के भीतर दरारें बहुत गहरी हो चुकी हैं। यह आलेख पंजाब कांग्रेस के इस मौजूदा संकट, इसके मुख्य चेहरों, विपक्षी दलों के रुख, भूपेश बघेल की रिपोर्ट और आगामी चुनावी समीकरणों पर इसके असर का विस्तृत विश्लेषण करता है।

पंजाब में कांग्रेस का यह संकट नया नहीं है, लेकिन हालिया सांगठनिक फेरबदल के बाद इसने तीव्र रूप अख्तियार कर लिया है। पार्टी के भीतर मुख्य मुकाबला दो धड़ों के बीच है। एक तरफ अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग (प्रदेश अध्यक्ष) का गुट है, जिन्हें दिल्ली आलाकमान का खुला समर्थन हासिल है। दूसरी तरफ चरणजीत सिंह चन्नी (पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद) का गुट है, जो वर्तमान नेतृत्व को हटाने और चन्नी को कमान सौंपने की मांग पर अड़ा है। यह विवाद उस समय पूरी तरह सार्वजनिक हो गया जब पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल राज्य के संगठनात्मक दौरे पर आए थे। पटियाला और संगरूर की बैठकों में जैसे ही राजा वड़िंग ने बोलना शुरू किया, चन्नी समर्थकों ने "चन्नी लाओ, पंजाब बचाओ" के नारे लगाने शुरू कर दिए। बात इतनी ज्यादा बढ़ गई कि दोनों गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए, धक्का-मुक्की हुई और प्रभारी मूकदर्शक बनकर देखते रह गए।इस



अशोक भाटिया

घमासान के पीछे केवल व्यक्तिगत वर्चस्व की लड़ाई नहीं है, बल्कि इसके गहरे राजनीतिक आयाम भी हैं। चन्नी खेमे का आरोप है कि राजा वड़िंग की कार्यशैली तानाशाही पूर्ण है और वे पुराने वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर रहे हैं। आलाकमान द्वारा वरिष्ठ नेता मदन लाल जलालपुर को निलंबित किए जाने के बाद चरणजीत सिंह चन्नी ने सीधे उनके घर जाकर मुलाकात की। यह कदम सीधे तौर पर प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग को एक खुली राजनीतिक चुनौती थी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर भी जंग जारी है। आगामी विधानसभा चुनावों के लिए चन्नी गुट चाहता है कि पार्टी अभी से मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करे, जबकि भूपेश बघेल ने स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव से पहले चेहरा घोषित नहीं किया जाएगा और पार्टी सामूहिक नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगी। राजा वड़िंग द्वारा दिए गए कुछ बयानों (जैसे पूर्व केंद्रीय मंत्री बूटा सिंह के रंग पर की गई टिप्पणी) ने भी आग में घी का काम किया, जिसके लिए बाद में उन्हें बिना शर्त माफी भी मांगनी पड़ी थी।

पंजाब कांग्रेस का इतिहास लगभग आठ दशकों से आंतरिक गुटबाजी का रहा है। 2021 में कैप्टन अमरिंदर सिंह बनाम नवजोत सिंह सिद्धू विवाद को पूरी दुनिया ने देखा था, जिसके कारण 2022 के चुनावों में कांग्रेस मात्र 18 सीटों पर सिमट गई थी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार स्थिति और भी ज्यादा गंभीर है। पिछली बार जब विवाद हुआ था तब कांग्रेस सत्ता में थी, तो मुख्यमंत्री की कुर्सी दांव पर लगी थी। इस बार पार्टी विपक्ष में है और लड़ाई इस बात की चल रही है कि पार्टी के पुनरुद्धार का श्रेय किसे मिले। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे का केंद्रीय नेतृत्व राजा वड़िंग को हटाकर राष्ट्रीय स्तर पर एक और गलत संदेश नहीं देना चाहता, क्योंकि इससे बगावत की एक नई परंपरा शुरू हो सकती है।

पंजाब कांग्रेस के इस खुले ड्रामे पर भारतीय जनता पार्टी ने बेहद आक्रामक और रणनीतिक रुख अपनाया है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब कांग्रेस के इस संकट पर तीखा कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि यह लड़ाई पंजाब के भविष्य की नहीं, बल्कि केवल और केवल कुर्सी की है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस की इस अंतर्कलह को लेकर राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' के नारे पर निशाना साधा और दावा किया कि जो पार्टी अपने नेताओं को नहीं संभाल सकती, वह राज्य क्या संभालेगी।

## हाईवे के गड्ढों का पंजीकरण

देश की अर्थव्यवस्था कठिन दौर से गुजर रही थी। सरकार के सामने सबसे बड़ा प्रश्न था राजस्व कहाँ से आए? करदाताओं की जेबें पहले ही राष्ट्रहित में इतनी हल्की हो चुकी थीं कि उनमें अब हवा भी टैक्स देकर ही प्रवेश कर सकती थी। पेट्रोल, डीजल, गैस, बिजली, पानी सब अपना-अपना राष्ट्रधर्म निभा चुके थे। अब जरूरत किसी ऐसे स्रोत की थी जो जनता की आँखों के सामने पड़ा हो, लेकिन जिस पर अभी तक सरकार की नजर न पड़ी हो। राजधानी में देश के नामी प्रबंधन संस्थानों के टैलेंटेड एमबीए विशेषज्ञ बुलाए गए। पाँच सितारा होटल में कई दिन तक राष्ट्र की चिंता पर गहन मंथन हुआ। कॉफी के कप बदलते रहे, प्रस्तुतियाँ चलती रहीं और अंततः निष्कर्ष निकला कि भारत की असली पूँजी सड़कों पर नहीं, सड़कों के गड्ढों में दबी है। सड़क तो केवल खर्च कराती है, गड्ढा कमाई कराता है। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि देश के प्रत्येक गड्ढे का बाकायदा पंजीकरण किया जाए। उसका नाम, पता, लंबाई, चौड़ाई, गहराई और दुर्घटना कराने की क्षमता सरकारी अभिलेखों में दर्ज हो। जो गड्ढा केवल मोटरसाइकिल वाले को गिरा दे, वह 'बी' श्रेणी का। जो कार के यात्रियों की रीढ़ की हड्डी को राष्ट्रभक्ति का अनुभव करा दे, वह 'ए' श्रेणी का। और जिसमें ट्रक भी पूरे सम्मान के साथ उतर जाए, उसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित कर दिया जाए और गड्ढा जनता से राजस्व वसूली का बड़ा साधन बन जाना चाहिए` एक अधिकारी ने संकोच से पूछा, इतनी मेहनत क्यों? विशेषज्ञ मुस्कराया, सर, आज डेटा ही नया तेल है और गड्ढा उसका कुआँ। बस, फिर क्या था! मंत्रालय में फाइलें इतनी तेज दौड़ीं कि वर्षों से सोई सड़कें भी शर्मा गईं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर नए बोर्ड लग गए धीरे चलें, आगे सरकार की आय का स्रोत सक्रिय है। जिलाधिकारियों को लक्ष्य दिया गया कि प्रत्येक जिले में गड्ढों की संख्या और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि सुनिश्चित की जाए। जिन जिलों में सड़कें गलती से समतल पाई गईं, वहाँ के अधिकारियों से स्पष्टीकरण माँगा गया कि उन्होंने विकास की इस अभिनव योजना को विफल करने का दुस्साहस कैसे किया।



संजीव ठाकुर

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

## मंगलवार का राशिफल

मेष: उन्नति का अवसर मिलेगा जिसकी प्रतीक्षा लम्बे समय से थी, कोई हजार्ना मिल सकता है, विदेश में रहने का समय बढ़ेगा, विवाह सम्भव होगा। भाग्य प्रतिशत-74

वृषभ: जीवन में ऐश्वर्य बढ़ेगा, नौकरी से कर्ज.उतार सकेंगे, घर के सदस्य को डॉक्टरी जांच करानी पड़ सकती है, नई प्रोप्टी खरीदने से पहले डॉक्युमेंट पढ़ेंगे। भाग्य प्रतिशत-70

मिथुन: पैतृक सम्पत्ति को पाने का संघर्ष बढ़ेगा, दूसरी नौकरी के लिए प्रयास करेंगे, इलेक्ट्रोनिक, मशीनरी, साईबर कैफे, राशन एजेंसी कार्य करेंगे, पथरी का ईलाज सफल होगा। भाग्य प्रतिशत-61

कर्क: मन में ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी,भविष्य को लेकर ज्यादा ना सोचे, योजनाए बनेगी लेकिन अभी पूरी नहीं करेंगे, जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-53

सिंह: उच्च शिक्षा में मुश्किल आयेगी, सरकारी विभाग से फायदा होगा, रिस्क कार्य से अचानक आय होगी, कंस्ट्रक्शन कार्य मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-62

कन्या: ड्राइविंग करते समय ध्यान रखें, टूर ट्रैवल,सर्जिकल सामान, सीमेंट, ईंट व्यवसाय चलेगा, कुछ टेंशन बढ़ेगी,आय से अधिक व्यय होगा। भाग्य प्रतिशत-56

तुला: बहोत अधिक तनाव ना ले, इंजीनियरिंग, मेडिकल, जनसंचार माध्यम से लाभ होगा, जीवन साथी का कोई कार्य बनेगा। भाग्य प्रतिशत-56


वृश्चिक: करियर की अच्छी उन्नति होगी, घर गृहस्थी का सुख बढ़ेगा, बड़ी प्रोप्टी बना सकते हैं, कोई सेंटर खोल सकते हैं जिससे आय होगी। भाग्य प्रतिशत-60

धनु: सामाजिक संस्था कार्य से लाभ होगा, राजनीति में सफलता मिलेगी, जल, बर्फ, जूस का व्यवसाय चलेगा, तकनीकी कार्य करेंगे। भाग्य प्रतिशत-67

मकर: मेहनत बढ़ेगी, किसी कार्य में लापरवाही ना करें, अपने कार्य में चौकस रहे, किसी कार्य का ठेका मिलेगा, पैसा आएगा। भाग्य प्रतिशत-55


कुंभ: घर की चिंता बढ़ेगी, सुख साधन को स्थिर रखना चाहेंगे, संतान की उन्नति में परेशानी आ सकती है, उच्चाधिकारी से मित्रता होगी। भाग्य प्रतिशत-52

मीन: मित्रता काम आएगी, पत्रकारिता से फायदा होगा, कमर्शियल दुकान में समस्या आ सकती हैं, दिनचर्या सुचारू रूप से चलाना चाहेंगे। भाग्य प्रतिशत-63



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# बंद करो राष्ट्रवाद का प्रमाण पत्र बांटना ?



तनवीर जाफरी

दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले दिनों नीट पेपर लीक मामले के खिलाफ 36 दिनों तक चला छात्र आंदोलन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद समाप्त हुआ। इस आंदोलन के राष्ट्रव्यापी होने से पहले ही सरकार ने आंदोलनकारियों की मुख्य मांगें स्वीकार करते हुये यह साबित कर दिया कि यदि छात्र व युवा संगठित हों और उनकी मांगें भी जायज हों तो बहुमत वाली सरकार को भी झुकाया जा सकता है और 'हमारी सरकार में इस्तीफे नहीं होते ' जैसे सत्ता के अहंकारी मिथक को तोड़ा जा सकता है। परन्तु इस आंदोलन के दौरान और आंदोलन समाप्त होने के बाद भी मीडिया से लेकर सत्ता समर्थक नेताओं व तथाकथित सेलेब्रिटीज द्वारा आंदोलनकारी युवाओं के प्रति अत्यंत अभद्र व आपत्तिजनक भाषाओँ का इस्तेमाल किया जाता रहा। निश्चित रूप से लगभग नेतृत्वविहीन से समझे जाने वाले इस आंदोलन में कुछ छात्र छात्राएं ऐसे भी थे जिन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कई ऐसी अभद्र बातें कीं जिन्हें शिक्षित छात्रों की भाषा कतई नहीं कहा जा सकता। कुछ युवाओं द्वारा तो प्रधानमंत्री मोदी व उनकी दिवंगत माताजी के विरुद्ध आपत्तिजनक व अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। हालांकि नरेंद्र मोदी ने एक वीडिओ जारी कर उन्हें मुआफ भी कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'कभी-कभी गल्ती से दांतों के बीच जीभ आ जाती है और खून निकल आता है, लेकिन हम दांत नहीं तोड़ते क्योंकि दांत और जीभ दोनों हमारे अपने हैं।' परन्तु यह भी सच है कि गिनती के ऐसे युवाओं की गाली गलौज वाली भाषा के आधार पर पूरे आंदोलन,उसके विचारों व उसकी आत्मा का गला भी नहीं घोंटा जा सकता। उनके बहाने समस्त आंदोलनकारी युवाओं को अपमानित नहीं किया जा सकता। परन्तु ऐसा ही किया जा रहा है।

भाजपा सांसद व अभिनेत्री कंगना रानावत जिन्होंने स्वयं अपने एक साक्षात्कार में अपने ही अतीत को लेकर कुछ ऐसे रहस्योद्घाटन किये थे जिन्हें सुनकर किसी भी व्यक्ति का सिर शर्म से झुक जाये,वही कंगना, छात्र आंदोलन में शामिल युवाओं के खिलाफ पहले तो अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर और बाद में संसद परिसर में मीडिया के सामने बेहद आपत्तिजनक बयान देती हैं? वे आंदोलनकारी छात्रों को 'गटर जनरेशन' " और 'गटर छाप' गंदगी और बदसूरत कहकर संबोधित करती हैं। वे कहती हैं कि जंतर-मंतर आंदोलन के वायरल वीडियो को देखकर उन्हें 'उबकाई' आती है। वे इस पूरे प्रदर्शन को 'कचरा तथा भद्देपन का प्रदर्शन' बताती हैं। वे कहती हैं कि प्रदर्शन करने वाले युवाओं को नीट का फुल फॉर्म भी नहीं पता होगा। गोया कंगना युवाओं की वैध नाराजगी को समझने के बजाय चंद बेहूदगी दिखाने वाले छात्रों को सम्बोधित करने के बजाये उन्हीं की आड़ में पूरे आंदोलन व आंदोलनकारी युवाओं का तिरस्कार कर उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश करती हैं।

आंदोलनकारी युवाओं को अपमानित करने उन्हें धमकाने व नीचा दिखाने की ऐसी ही कोशिश टी. जी. मोहनदास नामक एक ऐसे व्यक्ति द्वारा की गयी जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ा केरल का एक प्रमुख दक्षिणपंथी राजनीतिक विश्लेषक, हिंदुत्व विचारक और भारतीय जनता पार्टी का राज्य बौद्धिक सेल का पूर्व प्रमुख है। इस व्यक्ति ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ अपने यूट्यूब चैनल 'पत्रिका' पर एक अत्यंत आपत्तिजनक,विवादित और हिंसक बयान दिया था। इस ने अपने वीडियो में प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाते हुए कहा कि "अगर मैं जिम्मेदार (अधिकार) में होता, तो जंतर-मंतर के चार वर्ग किलोमीटर के इलाके में कर्फ़्यू लगा देता। मैं लोगों से तीन बार वहां से हटने के लिए कहता और इसके बाद सीधे गोली चलवा देता। कुछ लोग भाग जाते, कुछ मर जाते, कुछ बच जाते और चार घंटे के भीतर स्थिति शांत हो जाती।" इसी तरह उसने प्रदर्शन में शामिल छात्राओं व महिलाओं के खिलाफ भी बेहद शर्मनाक टिप्पणी करते हुए कहा कि "प्रदर्शनकारियों में ऐसी महिलाएं शामिल हैं जिन्हें बलात्कार पसंद है" उसने वामपंथी महिलाओं को निशाना बनाकर कई अभद्र बातें कहीं। उसने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग और उन्हें पीटने का भी समर्थन किया। देश भर में भारी राजनीतिक और सामाजिक आक्रोश देखने के बाद केरल की तिरुवनंतपुरम साइबर पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 192 (दंगा भड़काने का इरादा) और 353(1)() (सार्वजनिक शांति भंग करना), आईटी एक्ट और केरल पुलिस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। उधर विवाद बढ़ने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आधिकारिक तौर पर उसके बयानों से यह कहकर दूरी बना ली कि




'यह मोहनदास के "निजी विचार" हैं और संगठन इनकी कड़ी निंदा करता है'। विवादों से बचने के लिये भले ही संघ ऐसे व्यक्ति से दूरी क्यों न बनाये परन्तु इसतरह के जहरीले विचार कहाँ से आये कहाँ पनपे और किन संस्कारों में फले फूले इस बात से संघ अपने को नहीं बचा सकता। इसी तरह गोदी मीडिया के कई चैनल्स सत्ता के कई प्रवक्ता व सत्ता समर्थक लोगों द्वारा आंदोलन पर वामपंथी,पकिस्तान समर्थक,चीन द्वारा फंडिंग प्राप्त यहाँ तक कि भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक तक को चीनी एजेंट बताने की कोशिश की गयी। यह वही जाना पहचाना पैटर्न था जोकि विवादित कृषि कानूनों के विरुद्ध हुये किसान आंदोलन के समय भी सत्ता पक्ष व उसके समर्थकों की ओर से देखा गया था। परन्तु जिस तरह किसान आंदोलन को खालिस्तान समर्थक आंदोलन प्रचारित करने के बावजूद सरकार को किसानों के सामने घुटने टेकते हुये तीनों विवादित कृषि कानूनों वापस लेने पड़े थे ठीक उसी तरह युवाओं ने भी पिछले दिनों शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का त्यागपत्र लेने के बाद ही अपना आंदोलन समाप्त किया। गोया यहाँ भी सरकार को आंदोलन के सामने घुटने टेकने पड़े।

ऐसे में सवाल उन सत्ता समर्थक मीडिया,नेताओं व चाटुकारों से है कि क्या स्वयं को मजबूत बताने वाली सरकार ने शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेकर एक बार फिर पाकिस्तानी,चीनी व राष्ट्रविरोधी मंसूबों पर चलने वाले छात्र आंदोलन के सामने समर्पण कर दिया ? संघ विचारक जिन्हें गोली मारने व बलात्कार का पात्र मानते हों, सांसद कंगना रानौत जिन्हें गटर,बदबूदार,उबकाई भरा,बदसूरत और न जाने क्या क्या बताती हो, क्या सरकार ने ऐसे लोगों के सामने घुटने टेक दिये ? और क्या यह सरकार किसान आंदोलन के समय भी खालिस्तानी इरादों के सामने इसी तरह नतमस्तक हो गयी थी ? सत्ता से जुड़े लोगों,समर्थकों और सत्ता की चाटुकारिता को ही देशभक्ति समझने वालों को राष्ट्रवाद का प्रमाण पत्र बांटना बंद कर देना चाहिये अन्यथा जब जब सरकार आंदोलनकारियों के सामने नतमस्तक होगी तब तब यह सवाल भी पूछे जाते रहेंगे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# पप्पू यादव पर हमले के आरोपी सुमित गिरी की मां का दावा, बोलीं–'बेटा दफ्तर के लिए निकला था'

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर**। दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पप्पू यादव पर चप्पल फेंके जाने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। मामले में आरोपी बताए जा रहे बुलंदशहर निवासी सुमित गिरी की मां और भाई ने कई अहम दावे किए हैं। सुमित गिरी की मां का कहना है कि उनका बेटा सोमवार दोपहर लंच बॉक्स लेकर दफ्तर जाने के लिए घर से निकला था। उन्होंने बताया कि मीडिया में तस्वीरें देखने के बाद ही परिवार को पता चला कि सुमित दिल्ली पहुंचा है। सुमित की मां ने पप्पू यादव द्वारा लगाए गए हत्या की साजिश के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा कि उनके बेटे को इस मामले में फंसाया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए सुमित को रिहा करने की गुहार लगाई है।





गौरतलब है कि दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सांसद पप्पू यादव पर चप्पल फेंके जाने का मामला सामने आया था। इस मामले में बुलंदशहर के सुमित गिरी और हैप्पी शर्मा पर आरोप लगाए गए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के पीछे की वास्तविक परिस्थितियों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

# तीन दिन में दूसरी चोरी,पुलिस की रात्रि गश्त पर उठे सवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)**। मोदीनगर थानाक्षेत्र में तीन दिन पूर्व बेगमाबाद निवासी श्रीभगवान शर्मा के मकान में हुई लाखों की चोरी का पुलिस अभी खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि चोरों ने रविवार देर रात बुदाना गांव निवासी राकेश के मकान को निशाना बनाते हुए करीब दो लाख रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। लगातार दूसरी बड़ी वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार रविवार रात परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। देर रात अज्ञात चोर मकान में घुस गए और घर में रखे सेफ से करीब दो लाख रुपये की नकदी तथा सोने-चांदी के कीमती आभूषण समेटकर फरार हो गए। सोमवार सुबह परिजनों की आंख खुली तो मुख्य दरवाजा खुला मिला और कमरे का सामान बिखरा पड़ा देखा तो चोरी का पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित राकेश ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।





पीड़ित राकेश

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

**इसी चौकी क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हुई थी चोरी**

गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व इसी निवाड़ी चौकी क्षेत्र के बेगमाबाद के मुख्य बाजार स्थित ग्रामीण बैंक के ऊपर रहने वाले श्रीभगवान शर्मा के मकान में भी नकदी और लाखों रुपये मूल्य के आभूषण चोरी हुए थे। अब इसी चौकी क्षेत्र में लगातार दूसरी बड़ी चोरी के बाद क्षेत्रवासियों में भय का माहौल है और पुलिस की रात्रि गश्त व सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

# भोले बाबा की प्रतिमा पर पेशाब करने का वीडियो वायरल,ग्रामीणों में भारी आक्रोश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर (बुलंदशहर)**। सावन के पहले सोमवार को शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बोहिच से एक बेहद आपत्तिजनक मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में एक युवक भोले बाबा की प्रतिमा पर पेशाब करता दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि युवक ने खुद ही वीडियो बनवाया और वीडियो में यह कहते हुए सुनाई दे रहा है, "लो, कर दिया मैंने पेशाब।"घटना के सामने आने के बाद गांव के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।






ग्रामीणों का आरोप है कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से इस कृत्य को अंजाम दिया गया है। सावन माह के पहले सोमवार को हुई इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, यह गांव बुलंदशहर से भाजपा सांसद डॉ. भोला सिंह का पैतृक गांव है। वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज के ग्रैंड फिनाले में पहुंचे केएनएमआईईटी के छात्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)**। डॉ केएन मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स द्वारा आयोजित नेशनल फाइनेंशियल लिटरेसी क्विज के क्षेत्रीय दौर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले में स्थान बनाया है। संस्थान के छात्र आरजू त्यागी एवं अंगद सिंह अब मुंबई में आयोजित होने वाले ग्रैंड फिनाले में प्रतिभाग करेंगे।

प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले के लिए देशभर के केवल बारह महाविद्यालयों का चयन किया गया है। इनमें केएनएमआईईटी का चयन संस्थान और मोदीनगर के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। ग्रैंड फिनाले में चयनित टीमें वित्तीय साक्षरता, विश्लेषणात्मक क्षमता और ज्ञान का प्रदर्शन करेंगी। इस उपलब्धि पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ डीके मोदी, रजिस्ट्रार यूएन मिश्रा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर दीपांकर शर्मा, निदेशक प्रो डॉ शिशिर रस्तोगी तथा प्लेसमेंट ऑफिसर अजय प्रजापति ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




उन्होंने कहा कि यह सफलता संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों का परिणाम है।

संस्थान के शिक्षकों ने भी छात्रों को ग्रैंड फिनाले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# भाकियू (भानु) के अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बने एड.अजय सैन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)**। भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने संगठन विस्तार के क्रम में भूपेंद्र पुरी कॉलोनी निवासी एड अजय सैन को पश्चिमी उत्तर प्रदेश अधिवक्ता प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर योगेश प्रताप सिंह की संस्तुति पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ अरुण सैन ने उन्हें मनोनयन पत्र प्रदान कर नई जिम्मेदारी सौंपी।



सहज व्यवहार व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी एड अजय सैन की संगठनात्मक कार्यशैली को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सोपे जाने की घोषणा करते हुए डॉ अरुण सैन ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अजय सैन अपने विधिक अनुभव और सामाजिक सक्रियता के बल पर किसानों, मजदूरों एवं जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।वहीं नव मनोनीत प्रदेश सचिव एड अजय सैन ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों, मजदूरों एवं शोषित वर्ग के हितों की आवाज को मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों के अनुरूप पूरी निष्ठा और ईमानदारी से दायित्व का निर्वहन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अजय सैन सहित अन्य नव मनोनीत पदाधिकारियों ने डॉ अरुण सैन को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राजीव अधाना, गौरव त्यागी, पुनीत त्यागी, यासीन खान, डॉ. आस मोहम्मद, जुहैब अहमद, आशीष सैन और विकास ठाकुर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

**विधिक कार्यों के साथ ही समाजसेवा में भी सक्रिय है एड अजय सैन**

बता दें कि मोदीनगर में अधिवक्ता के रूप में पहचान रखने वाले अजय सैन लंबे समय से सामाजिक सरोकारों और जनहित के कार्यों में सक्रिय हैं। विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से वे जरूरतमंद लोगों को विधिक परामर्श उपलब्ध कराने के साथ समाजहित के मुद्दों पर भी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं।

# हरतीज-राखी मेले में दिखा उत्साह, महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)**। बस अड्डे के निकट स्थित छतरी वाला शिव मंदिर के विशाल सभागार में रविवार को एहसास महिला समिति द्वारा अपनी परिणीता योजना के अंतर्गत हरतीज-राखी मेले का आयोजन किया गया। पारंपरिक संस्कृति, महिला उद्यमिता और सामाजिक सहभागिता को समर्पित मेले में महिलाओं, युवतियों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेले में पहुंचे अतिथियों का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। जिससे पूरा परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया।

मेले में पहुंची अतिथि एसडीएम कोमल पंवार ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं की प्रतिभा को मंच देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं। समाज को ऐसे प्रयासों का निरंतर सहयोग करना चाहिए। वहीं विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नारा नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला है। ऐसे मेले महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वरोजगार को नई दिशा देते हैं। उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव एवं ज्योतिष ज्ञानपीठ की चेयरपर्सन डॉ सोनिका जैन ने भी मेले की मुक्तकंठ से सराहना की। इसके अलावा तहसीलदार रजत सिंह, सुशील जैन, वरिष्ठ समाजसेवी एनपी बंसल, दो पुरू त्यागी, डॉ पूनम गर्ग, स्वदेश जैन, आकाश शर्मा, अपराजिता सिंह शर्मा, एड अमित शर्मा, नीरज गर्ग आदि अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मेले में तीज क्वीन प्रतियोगिता, बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं, मेहंदी कला, महिला उद्यमियों के स्टॉल तथा विविध व्यंजनों के फूड स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। महिलाओं ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों एवं घरेलू उद्योगों से जुड़े स्टॉल लगाकर आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। वहीं आगंतुकों ने स्टॉल्स पर विभिन्न खाद्य व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया। पारंपरिक परिधानों और सांस्कृतिक वातावरण ने मेले को विशेष आकर्षण प्रदान किया। मंच संचालन आंचल, स्वाति व सोनाली ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की संस्थापक अध्यक्ष अनुप्रीत कौर, सृष्टि गौड़, गुरमीत गुप्ता, तारिका माटा, सुरभि खुराना, पूजा शर्मा, अर्चना आहूजा, निर्मल, अर्चना शर्मा, सारिका, आस्था, स्वाति गुप्ता, रिद्धि, नव्या, अंशिका, निष्काम सेवक जत्था के अध्यक्ष जसमीत सिंह, हरसिमर सिंह, धीरज कालरा, जसप्रीत सिंह, पुनीत बत्रा, विनय चौहान सहित संस्था के अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।



# धरना-प्रदर्शन क बाद जर्जर बिजली खंभे व तार बदलने का कार्य शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)**। भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी के नेतृत्व में छः दिन पूर्व सीकरी खुर्द रोड स्थित विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय पर किए गए धरना-प्रदर्शन का असर दिखाई देने लगा है। विभाग ने नगर पंचायत निवाड़ी में जर्जर बिजली के खंभों और लटकी हुई विद्युत लाइनों को बदलने का कार्य शुरू कर दिया है। सत्येंद्र त्यागी ने बताया कि निवाड़ी में लंबे समय से जर्जर खंभों और तारों के कारण हादसे की आशंका बनी हुई थी। इस संबंध में किसानों ने विद्युत विभाग के समक्ष गत 28 जुलाई को धरना-प्रदर्शन कर शीघ्र कार्रवाई की मांग उठाई थी। अब विभाग द्वारा कार्य प्रारंभ किए जाने पर उन्होंने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर संगठन आगे भी किसानों और आम नागरिकों की आवाज उठाता रहेगा। इस अवसर पर किसानों ने भी विद्युत विभाग से कार्य को निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने की अपेक्षा जताई ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके।



# मेधावी विद्यार्थियों व प्रधानाचार्या को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)**। लायंस क्लब मोदीनगर टाउनशिप ने सोमवार को टीआरएम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी ओहरी तथा तीन मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।




इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अमित कौशिक और नीरज त्यागी ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए। उनका कहना था कि अनुशासन, सेवा और नैतिक मूल्यों के साथ प्राप्त शिक्षा ही व्यक्ति को समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाती है।

प्रधानाचार्या रजनी ओहरी ने क्लब की पहल की सराहना करते हुए कहा कि अपने विद्यालय से पूर्व छात्रों का निरंतर जुड़ाव वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त करते हुए क्लब पदाधिकारियों का आभार जताया। इस अवसर पर गौरव गुप्ता, आशु अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, डॉ अजय तोमर, डॉ विजय तोमर, डॉ संतोष मिश्रा, शोभित गुप्ता, रवि तोमर, नीरज त्यागी, सतीश नेहरा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पत्रकार गौरव शर्मा की माताजी का निधन,शोक की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद** । वरिष्ठ पत्रकार गौरव शर्मा की माताजी उर्मिला देवी (72) का निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन की सूचना मिलते ही पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।



उर्मिला देवी का अंतिम संस्कार अनूपशहर के गंगाघाट पर पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। अंतिम यात्रा में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, पत्रकारों तथा बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोगों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की।

## निरीक्षण कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

# डायट केंपस के छात्रावास में छात्राओं को मिल रही सभी प्रकार सुविधाएं : सीमा शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर**। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान द्वारा बुलंदशहर पहुंचकर अनेक कार्यक्रमों में लिया भाग जिसमें डायट केंपस में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं छात्रावास का निरीक्षण करने पहुंची , विद्यालय की वार्डन सीमा शर्मा द्वारा

**व्यवस्थाओं का लिया जाएगा ,विद्यालय में नहीं मिली कोई खामियां**

स्टाफ के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश महिला आयोग के अध्यक्ष को फूलमाला पहनाकर एवं बुके देकर जोरदार स्वागत किया जिसमें छात्रों ने उसको वर्षा की, जिन्होंने टीका कर मिठाई खिलाई। अध्यक्ष द्वारा विद्यालय में स्थित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए, वार्डन सीमा शर्मा ने छात्राओं के बारे में दी जानकारी। कमरों, रसौई , शौचालय, पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था को चैक किया। जहां सभी सुविधाओं में कोई खामी नहीं मिली और छात्रों को दी जा रही व्यवस्थाएं उत्तम मिली। दूसरी तरफ चारू कश्यप के साथ हुई घटना के संबंध में पत्रकारों द्वारा सवाल पूछे जाने पर महिला आयोग की अध्यक्ष जवाब देने से बचती नजर आई। एक तरफ जहां महिलाओं व लड़कियों के मान सम्मान को बढ़ाने एवं उन्हें सुरक्षा प्रदान करने की लंबी-लंबी बात उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की जाती है ऐसे में बुलंदशहर में लड़कियों के साथ अनेक घटना घटित हो रही है।



चारु कश्यप के नाले में गिरने से नगर पालिका और स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के चलते मृत्यु हो गई। काली नदी में शव मिला, वैर रेलवे स्टेशन के पास बिना कपड़ों के जंगल में पड़ी मिली लड़की का शव मिला। धमेडा अड्डे के पास रहने वाली जोया लड़की के साथ तीन लड़कों द्वारा बलात्कार करने और उसकी पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नहीं करने पर जोया द्वारा आत्महत्या करने की कोशिश की जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा। ऐसे में पुलिस के लापरवाही सामने आई। इन सब घटनाओं के साथ अन्य सभी घटनाओं पर रोक लगानी अति आवश्यक है जिसमें उत्तर प्रदेश महिला आयोग के अध्यक्ष द्वारा ठोस कदम उठाए जाने महिला व लड़कियों के लिए न्याय हित में होंगे। अब देखना यह होगा कि उत्तर प्रदेश की महिला आयोग अध्यक्ष पुलिस के साथ मिलकर ऐसी घटनाओं पर ठोस कदम उठाती है या नहीं वरना इस तरह से ही आगे घटना होती रहेगी सोचने का विषय?

# कस्बा रोड पर भाजपा से जुड़े दो पक्षों में मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)**। कस्बा रोड पर रविवार रात को भाजपा से जुड़े दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए। जबकि नितिन मित्तल को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार कस्बा रोड स्थित एक दुकान के बाहर किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। जो देखते ही देखते हाथापाई और मारपीट में बदल गया। घटना में स्वयं को भाजपा युवा मोर्चा का मंडल उपाध्यक्ष बता रहे रोहित सक्सेना और भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नितिन मित्तल पक्ष आमने-सामने आ गए। इसके बाद दोनों पक्ष मोदीनगर थाने पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर चिकित्सीय परीक्षण कराया तथा मामले की जांच शुरू कर दी। क्षेत्र के सभी भाजपा नेताओं इस घटना की निंदा की है। पुलिस का कहना है कि विवाद के कारणों की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। दोनों पक्षों से प्राप्त तहरीरों एवं जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**थाने में भी घंटों तक चला हंगामा**

मारपीट की घटना के बाद रविवार रात दोनों पक्ष अपने समर्थकों के साथ मोदीनगर थाने पहुंचे। आमने-सामने आने पर दोनों पक्षों के बीच फिर तीखी नोकझोंक शुरू हो गई।

देखते ही देखते थाने का माहौल गर्मा गया और करीब तीन घंटे तक हंगामा चलता रहा। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।

# सावन के पहले सोमवार पर मूंछों वाले शिव मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर नगर के सीता रोड स्थित प्राचीन मूंछों वाले शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। तड़के से ही भगवान शिव के जलाभिषेक और दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। श्रद्धालुओं ने

### भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर भक्तों ने मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा मंदिर परिसर





गंगाजल, दूध, बेलपत्र, भांग, धतूरा, पुष्प एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। मंदिर परिसर पूरे दिन 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गुंजायमान रहा। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया। सावन के पहले सोमवार के अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति ने जलाभिषेक एवं दर्शन की समुचित व्यवस्था की। भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए स्वयंसेवक लगातार सहयोग करते रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी पूरे समय मुस्तैद रही। दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। सावन के पहले सोमवार पर शिवभक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां हर श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन नजर आया।

# अंजुमन इमामिया के तत्वाधान में अजादारों ने दहकते अंगारों पर किया मातम

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** अंजुमन इमामिया के तत्वाधान में सोमवार शाम को अजादारों ने हजरत इमाम हुसैन (अ०) की याद में दहकते हुए अंगारों पर मातम कर अपनी अकीदत का नजराना पेश किया।सोमवार शाम साढ़े छह बजे दानिशमन्दान स्थित अजाखाना अकबर अली में एक मजलिस का आयोजन किया गया।

मजलिस की शुरूआत मौलाना असगर और उनके साथियों द्वारा पढ़े गए मरसिए से हुई। इसके उपरांत मौलाना सैय्यद तहकीक ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कर्बला में इमाम हुसैन (अ०) और उनके साथियों पर हुए जुल्म और उनकी शहादत का पुरदर्द बयान किया। मौलाना ने अपने संबोधन में कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ०) ने सच्चाई और इंसाफ को जिंदा रखने के लिए अपनी महान कुबार्नी पेश की थी। हमें भी उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए हमेशा सच्चाई का परचम बुलंद रखना चाहिए।

मजलिस के फौरन बाद अजादारों का कौशिश और गम चरम पर पहुंच गया, जिसके बाद उन्होंने दहकते हुए अंगारों पर मातम किया। इस दौरान अंजुमन बनी हाशिम गुजरी के नौहाख्वानों ने पुरसोज नौहाख्वानी की।इस कार्यक्रम में अंजुमने इमामिया के सदर नईम रजा, आलिम तकवी, माहिर हुसैन, जुल्फिकार हसनैन खां, सलीम अकबर, कौकब अब्बास अरशी, डॉ० शहजाद, मौजिज हुसैन, सामी अमरोहवी, इमरान रजा, रजा हैदर सहित भारी संख्या में अजादार और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# एक वृद्ध व्यक्ति के साथ किये गए अभद्र व्यवहार की पुष्टि के पश्चात उप निरीक्षक को निलंबित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** एक वृद्ध व्यक्ति के साथ किये गए अभद्र व्यवहार की पुष्टि के पश्चात उप निरीक्षक को निलंबित किया विभागीय कार्रवाई की संस्तुति जाँच अधिकारी द्वारा की गई है।एक अगस्त 2026 को थाना डिडौली की चौकी जोया क्षेत्रान्तर्गत एनएच-9 पर कांवड़ रूट डायवर्जन ड्यूटी के दौरान ड्यूटी पर नियुक्त निरीक्षक जय कुमार के विरुद्ध जोया ओवरब्रिज के पास एक सज्जन को रोककर उनके साथ अभद्र व्यवहार किये जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी।प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव द्वारा मामले की प्रारम्भिक जांच क्षेत्राधिकारी नौगावां सादात को सौंपी गई। प्रारम्भिक जांच में उपलब्ध साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर निरीक्षक जय कुमार के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की पुष्टि हुई तथा उन्हें प्रथमदृष्टया दोषी पाया गया।प्रारम्भिक जांच में दोषी पाए जाने के फलस्वरूप निरीक्षक जय कुमार के विरुद्ध अधीनस्थ श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों की दण्ड एवं अपील नियमावली,1956 के नियम 14(1) के अन्तर्गत वृहद विभागीय कार्यवाही संस्थित किए जाने के आदेश निर्गत किए गए हैं।उल्लेखनीय है कि नियम 14(1) के अन्तर्गत विभागीय जांच की कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त उपलब्ध साक्ष्यों एवं निष्कर्षों के आधार पर नियमावली में प्रावधानित वृहद दण्ड, जिनमें बर्खास्तगी,वेतन में अवनति(न्यूनतम वेतन पर लाया जाना) अथवा अन्य वृहद दण्ड सम्मिलित हैं,अधिरोपित किए जा सकते हैं।पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने कहा कि पुलिस जनसामान्य के साथ सम्मानजनक व्यवहार, अनुशासन एवं जवाबदेही के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।किसी भी पुलिस अधिकारी/कर्मचारी द्वारा अनुशासनहीनता अथवा अमर्यादित आचरण पाए जाने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार निष्पक्ष एवं कठोर विभागीय कार्रवाई की जायगी।

# एन.के.बी.एम.जी कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**चन्दौसी।** सोमवार को नगर के एन.के.बी.एम.जी डिग्री कॉलेज में नशा मुक्ति विकसित भारत अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय ह्यसच्ची जीवनशैली और मादक पदार्थ मुक्त विश्वह्न रखा गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए नशे के दुष्प्रभावों और स्वस्थ समाज के निर्माण पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. रंजना अग्रवाल ने किया। उन्होंने छात्राओं से नशा मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रो. संगीता गोयल एवं डॉ. अल्पना ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष की वाणी चौहान ने प्रथम, हेमलता ने द्वितीय तथा श्री शर्मा बीएड संस्थान की मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम सिंह ने किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति अभियान समिति के सदस्य डॉ. इरफान एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे। अंत में सभी छात्राओं को नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग का संकल्प दिलाया गया।

# सावन में शिवभक्तों के रास्ते पर कूड़े का ढेर, सभासद ने उठाए सफाई व्यवस्था पर सवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर जहां नगर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, वहीं सीता रोड स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर जाने वाले मार्ग पर लगे कूड़े के ढेर ने सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में

### वार्ड-21 की सभासद बोलीं-कई शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ समाधान, गोवंश के जमावड़े से स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर भी चिंता



श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए गुजरते हैं। सड़क किनारे स्थित एक अन्य शिव मंदिर के कारण भी यहां लोगों की आवाजाही लगातार बनी रहती है।

वार्ड संख्या-21 की सभासद सुलेखा गुप्ता ने बताया कि इस स्थान पर लंबे समय से कूड़ा डाला जा रहा है। कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि सावन में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के बावजूद सफाई व्यवस्था पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सभासद ने बताया कि कूड़े में फेंकी गई खाने-पीने की सामग्री के कारण गोवंश और अन्य आवारा पशु यहां एकत्र हो जाते हैं। इससे राहगीरों और विशेष रूप से स्कूल आने-जाने वाले बच्चों के लिए खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में आवारा पशुओं के कारण छोटी-छोटी दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। सभासद ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल कूड़े के ढेर को हटवाने, नियमित सफाई कराने तथा इस स्थान पर कूड़ा फेंकने पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# संभल के चार युवा कंटेंट क्रिएटर नमस्कार उत्तर प्रदेश स्टेट क्रिएटर्स अवॉर्ड-2026 से सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** जनपद संभल के चार युवा कंटेंट क्रिएटरों को उनके रचनात्मक कार्यों और सामाजिक योगदान के लिए नमस्कार उत्तर प्रदेश स्टेट क्रिएटर्स अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ग्रेटर नोएडा स्थित

### ग्रेटर नोएडा में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया सम्मानित



जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में जनपद के अनमोल अग्रवाल, कुनाल गौतम, अंकित शर्मा और अनमोल खटीक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा प्रतिभाएं समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं तथा ऐसे सम्मान युवाओं को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

नमस्कार फाउंडेशन के सचिव उत्कर्ष नमो वत्स मिश्र ने बताया कि इस सम्मान का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में समाज के लिए सकारात्मक कार्य करने वाले रचनाकारों और युवा प्रतिभाओं को पहचान दिलाना है, ताकि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर भी मंच मिल सके।

सम्मान प्राप्त करने वाले युवा क्रिएटरों ने नमस्कार फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाजहित में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। जनपद के युवाओं की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### लाइसेंस धारक ट्रैफिक पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा करते नहीं थक रहा है

# सम्भल में अगर ट्रैफिक टीएसआई सुरेश सिंह सजग ना होते तो गुम हुआ लाइसेंसी रिवाल्वर नहीं मिल पाता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लायबा नूर)।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देश में यातायात प्रभारी जगरोशान सिंह द्वारा ट्रैफिक पुलिस के सतर्क जवान व्यस्ततम चौराहे पर तैनात नहीं होते तो आज एक व्यक्ति का गिरा हुआ लाइसेंस पिस्टल शायद नहीं मिल पाता, आज गिरा हुआ रिवाल्वर पाने वाला व्यक्ति ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद अदा करते थक नही रहा है,रविवार की शाम उप निरीक्षक यातायात टीएसआइ सुरेश कुमार सिंह की ड्यूटी कावड़ में रात्रि के समय बहजोई कोतवाली क्षेत्र के इस्लामनगर चौराहा पर लगी हुई थी, उनके साथ कांस्टेबल लेखराज व कांस्टेबल सौरभ शर्मा तथा होमगार्ड मनोज कुमार भी ड्यूटी पर तैनात थे, इस्लामनगर चौराहे पर अज्ञात व्यक्ति का लाइसेंसी रिवाल्वर चौराहे पर गिर गया, अज्ञात व्यक्ति को रिवॉल्वर गिरने का आभास हुआ तो तलाश करने में लग गया, लेकिन उसे नहीं मिला इसी बीच ड्यूटी पर तैनात यातायात टीएसआइ सुरेश कुमार सिंह को गुम हुआ रिवाल्वर मिल गया, अज्ञात व्यक्ति की तलाश नाकामी में बदलने के बाद वह सीधा चौराहे पर तैनात ट्रैफिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के पास पहुंचा और पूरी घटनाक्रम से अवगत कराया, यातायात टीएसआइ सुरेश कुमार सिंह ने बताया जब वह



व्यक्ति मेरे पास आया तो काफी भयभीत और डरा हुआ था, यातायात टीएसआई सुरेश कुमार सिंह को रिवाल्वर पूर्व में ही मिला हुआ था मेरे द्वारा उसको बैठाया गया तथा पानी पिलाया क्योंकि उसकी स्थिति बहुत खराब थी, लाइसेंस का मिलान किया गया जो अमन सागर पुत्र रंजन लाल सागर निवासी वार्ड नंबर 3 नगर पंचायत रुदायन के नाम से बना हुआ है मिलान करने के बाद लाइसेंसी रिवाल्वर उस व्यक्ति को प्रदान किया गया वह बहुत प्रभावित हुआ, लाइसेंस धारक अमन सागर ट्रैफिक अधिकारियों और कर्मचारी की भूरि भूरि प्रशंसा करते नहीं थक रहा है उसका कहना है कि अगर ट्रैफिक पुलिस सजग ना होती तो उसका गुम हुआ रिवाल्वर लाइसेंस नहीं मिल पाता।

# नगर पालिका परिषद संभल के अधिशासी अधिकारी का हिंदू जागृति मंच ने किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (लायबा नूर)।** नगर पालिका परिषद संभल में नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी आदित्य प्रकाश का हिंदू जागृति मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने शॉल उढ़ाकर, रामनामी पटका पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्हें मिष्ठान भी खिलाया गया हिंदू जागृति मंच के प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने जल निगम द्वारा सड़कों की खुदाई के बाद उन्हें यथास्थान न भरने की समस्या से अवगत कराया। वहीं सत्यवीर सिंह पाल ने नगर पालिका परिषद संभल को प्रथम श्रेणी से तृतीय श्रेणी में डाले जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे पुनः प्रथम श्रेणी में लाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में संपूर्ण समाज का भरपूर सहयोग दिया जाएगा इस अवसर पर हिंदू जागृति महिला मंच की आशा गुप्ता विनोद कुमार अग्रवाल, अरविंद शंकर शुक्ला सुभाष चंद्र शर्मा परीक्षित कुमार मोंगिया अजय कुमार शर्मा सत्यवीर सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे स्वागत के उपरांत हिंदू जागृति मंच के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी से अपेक्षा की कि वे ईमानदारी, सेवा, परिश्रम और समर्पण के साथ संभल के उत्थान के लिए कार्य करेंगे इस पर अधिशासी अधिकारी आदित्य प्रकाश*ने कहा कि नगर पालिका परिषद के माध्यम से संभल के विकास, स्वच्छता,सौंदर्य एवं 68 तीर्थ तथा 19 कूपों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इसके लिए नगर पालिका का समस्त स्टाफ 24 घंटे संवेदनशीलता के साथ तैयार रहेगा उन्होंने सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवियों से भी आह्वान किया कि वे नगर की किसी भी कमी को उनके संज्ञान में लाएं, जिसे तत्काल दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर समस्या के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करना नगर पालिका परिषद की प्राथमिकता होगी कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकतंत्र रक्षक सेनानी परीक्षित कुमार मोंगिया ने की, जबकि संचालन हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने किया।



### प्रतियोगिता | मुरादाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन, विद्यालय में विजेताओं का हुआ सम्मान

# मॉडलिंग प्रतियोगिता में एबीसी किड्स के नन्हे सितारों का जलवा, दो गोल्ड समेत पांच पदक जीते

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** एबीसी किड्स मॉन्टेसरी स्कूल के विद्यार्थियों ने खेलों के बाद अब मॉडलिंग के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। मुरादाबाद में आयोजित नॉर्थ इंडिया जोन डांस चैंपियनशिप एवं मॉडलिंग प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता में करीब 30 विद्यालयों के प्रतिभागियों के बीच एबीसी किड्स के बच्चों ने आत्मविश्वास से भरपूर रैंप वॉक और



आकर्षक प्रस्तुति देकर निर्णायकों को प्रभावित किया। वैष्णवी और मायरा ने स्वर्ण पदक, ज्ञानवी ने रजत पदक, जबकि आर्यन और ऐश ने कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सोमवार को विद्यालय परिसर में विजेता बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने मेडल, शील्ड और प्रशस्ति-पत्र देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय बच्चों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और मॉडलिंग प्रशिक्षक प्रिया मैम के मार्गदर्शन को दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी विजेता बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जिलाधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर जिलाधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की दूसरी ओर सैंकड़ों शिव भक्तों ने जल चढ़ाकर अपनी श्रद्धा प्रस्तुत की।

श्रावण मास के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने कलेक्ट्रेट कॉलोनी स्थित शिव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रावण मास आस्था, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है तथा इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि श्रावण मास एवं प्रथम सोमवार के दृष्टिगत जनपद के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मंदिर परिसरों एवं संपर्क मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराई गई है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी करते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें।उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासन द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रमुख शिवालयों एवं संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ यातायात प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण के प्रभावी प्रबंध किए गए हैं, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर सकें। उधर शिव भक्तों ने अपने अपने क्षेत्रों में शिव जल अभिषेक कर पुण्य कमाया।



# सैफी संघर्ष समिति पंजी0 का मोहम्मद आरिफ सैफी(सोनू सैफी) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष व डॉ. रियाजुद्दीन सैफी राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । सैफी संघर्ष समिति पंजी0 की एक मीटिंग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी नदीम सैफी के आवास 3116/2 इकबाल नगर हापुड़ रोड पर हुई जिसमें मोहम्मद आरिफ सैफी (सोनू सैफी,) को दिल्ली का प्रदेश अध्यक्ष व डॉ रियाजुद्दीन सैफी को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया।





सैफी संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हसीन सैफी, राष्ट्रीय महामंत्री सलीम सैफी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नसीमा सैफी ने नियुक्ति पत्र दे कर डॉ रियाजुद्दीन सैफी को राष्ट्रीय प्रवक्ता और मोहम्मद आरिफ सैफी उर्फ (सोनू सैफी ) दिल्ली का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया दिल्ली अध्यक्ष और राष्ट्रीय प्रवक्ता को मुबारकबाद देने वाले में मौजूद रहे इमरान नसिर सैफी, नदीम सैफी, गुलफाम सैफी, फरीद सैफी, उस्मान सैफी, आतीब सैफी,साजिद, अरीब, इमरान सिकंदर, आदि लोग मौजूद रहे।

# कावड़ महोत्सव को सफल बनाने में 2 महीने से जुटे हुए हैं निगम अधिकारी : महंत नारायण गिरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** सावन के पहला सोमवार में दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया साथ ही निगम की समय से हुई व्यवस्था को देखकर प्रशंसा जाहिर की, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम के समस्त विभाग कावड़ महोत्सव को

**अप्सरा बॉर्डर, यूपी गेट, दुहाई सहित कावड़ मार्ग का नगर आयुक्त ने लिया जायजा, मेरठ रोड स्थित कंट्रोल रूम से भी देखी व्यवस्था**

सफल बनाने में जुटे हुए हैं नगर आयुक्त द्वारा कावड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें अप्सरा बॉर्डर, दुहाई मार्ग, कनवानी पुलिया यूपी गेट, मेरठ रोड, दूधेश्वर नाथ मंदिर मार्ग का जायजा लिया गया मौके पर स्वास्थ्य जल कल तथा निर्माण विभाग के



अधिकारी भी उपस्थित रहे, नगर आयुक्त के द्वारा मेरठ रोड स्थित कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया गया, कंट्रोल रूम से कावड़ मार्ग तथा दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर को देखा गया, कंट्रोल रूम पर उपस्थित पुलिस की टीम से भी चल रहे कार्यों पर वार्ता की गई ' कावड़ मार्ग का निरीक्षण करने के उपरांत नगर आयुक्त द्वारा दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर का भी जायजा लिया गया मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी तथा प्रकाश विभाग से स्वप्निल जैन भी उपस्थित रही, बैरिकेडिंग का कार्य समय से पूरा होने पर संबंधित टीम का उत्साहवर्धन किया गया नगर आयुक्त द्वारा मंदिर परिसर में जाकर महंत नारायण गिरी से भी मुलाकात की, महंत की उपस्थिति में निगम अधिकारियों तथा नगर आयुक्त द्वारा भगवान शिव की पूजा अर्चना की तथा जलाभिषेक किया गया, महंत नारायण गिरी द्वारा बताया गया कि दो महीने से गाजियाबाद नगर निगम की टीम कावड़ महोत्सव को सफल बनाने के लिए तैयारी कर रही है जिसके क्रम में समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूर्ण हो रही है, महंत जी द्वारा नगर आयुक्त तथा टीम का उत्साहवर्धन किया गया' नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के क्रम में अप्सरा बॉर्डर से लेकर मोहन नगर तक सफाई व्यवस्था का विशेष रूप से जायजा लिया गया, मोबाइल शौचालय की साफ सफाई को भी देखा गया मौके पर उपस्थित नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया सभी कावड़ मार्ग पर लगे हुए सभी मोबाइल टॉयलेट नियमित साफ किया जा रहे हैं कावड़ यात्रियों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ टीम के द्वारा व्यवस्था को संभालने के लिए पूरी तैयारी की जा चुकी है, नगर आयुक्त द्वारा तेजी से मोहन नगर तक तथा मोहन नगर से आगे अप्सरा बॉर्डर तक बैरिकेडिंग के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए गये।

# इंटर ग्रुप फायरिंग प्रतियोगिता में कैडेट वंश का शानदार प्रदर्शन, अगली प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** सुरेश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल के होनहार एनसीसी कैडेट वंश ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट निशानेबाजी का परिचय देते हुए इंटर ग्रुप फायरिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन प्रतियोगिता के अगले चरण के लिए भी किया गया है।

कैडेट वंश की यह उपलब्धि विद्यालय, 36 यूपी बटालियन एनसीसी, बुलंदशहर तथा पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि वंश भविष्य में भी अपनी प्रतिभा और समर्पण के बल पर नई ऊँचाइयों को





प्राप्त करते हुए विद्यालय और एनसीसी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय के निदेशक मयंक अग्रवाल एवं शुभम अग्रवाल, प्रधानाचार्य



गोपाल शर्मा तथा एएनओ मोनिका राजपूत ने कैडेट वंश को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ग्राम बड़ौदा सियानी मंदिर के कांवड़ मार्ग को कराया दुरुस्त, डीएम ने निरीक्षण कर मार्ग को ठीक करने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये थे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना के द्वारा कावड़ यात्रा के दौरान कांवडियों को कावड़ मार्ग में ना हो कोई परेशानी इसको लेकर किये जा रहे निरीक्षण में मिल रही कमियों को दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गये थे।

जिलाधिकारी कविता मीना के निदेर्शों के अनुपालन में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जनपद हापुड़ के ग्राम बड़ौदा सियानी के कावड़ मार्गों पर व्याप्त खामियों को ठीक कराया गया।





वर्तमान में मार्गों पर साफ सफाई एवं मार्गो का मरम्मत का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। इसी के साथ जनपद के अन्य शिव मंदिरों में भी कांवडियों हेतु सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराई जा रही है।

# ऑनलाइन गेमिंग,कर्ज और अवसाद ने ली पीएसी जवान की जान, रोहटा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** मेरठ के रोहटा निवासी 28 वर्षीय पीएसी जवान दीपक कुमार का शव रविवार सुबह बाराबंकी स्थित 10वीं वाहिनी पीएसी परिसर की एक खाली आरटीसी बैरक में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और पीएसी के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। मसौली थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

दीपक कुमार वर्ष 2021 बैच के सिपाही थे और वर्ष 2022 से 10वीं वाहिनी पीएसी, बाराबंकी में तैनात थे। उनकी ड्यूटी महादेवा मेले में लगाई गई थी। शनिवार शाम से वह लापता थे और रविवार सुबह तलाश के दौरान साथी जवानों को उनका शव बैरक में मिला।

प्रारंभिक जांच में सामने आई ऑनलाइन गेमिंग और कर्ज की बात

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दीपक पिछले कुछ समय से मानसिक अवसाद, घरेलू तनाव और आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे थे। साथी जवानों ने पुलिस को बताया कि उन्हें ऑनलाइन गेमिंग की लत लग गई थी, जिसके चलते उन्होंने कई लोगों से कर्ज ले रखा था। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और मौत के कारणों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही होगी। दीपक के बड़े भाई



अजय सिंह उर्फ बंटी नोएडा कोतवाली में उपनिरीक्षक हैं। उन्होंने बताया कि दीपक ने ग्रेजुएशन के बाद पुलिस सेवा जॉइन की थी और पिछले कुछ समय से अवसाद में थे। परिवार में तीन भाई और दो बहनें हैं। छोटे भाई गौतम सिंह कृषि विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। दीपक सबसे छोटे थे। दीपक का विवाह वर्ष 2022 में हुआ था। उनके परिवार में पत्नी और दो वर्ष की एक बेटी है। ग्रामीणों का कहना है कि सिपाही पर लाखों रुपये का कर्ज हो गया था। उसके बड़े भाई ने कुछ समय पूर्व उसका 14 लाख रुपये का कर्ज अदा किया था।

राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

सोमवार को दीपक कुमार का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव रोहटा लाया गया, जहां अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, पुलिसकर्मी और शुभचिंतक पहुंचे। पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। पीएसी के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम सलामी दी। जवान की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# राजस्व राज्यमंत्री सुरेन्द्र सिंह दिलेर की उपस्थिति में आधुनिक GNSS रोवर तकनीक से भूमि सीमांकन का सफल प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** जनपद लखनऊ की तहसील मोहनलालगंज अंतर्गत ग्राम करोरवा में आज राजस्व राज्यमंत्री सुरेन्द्र सिंह दिलेर तथा राजस्व परिषद के अधिकारी राजेश रंजन, आईएएस की गरिमामयी उपस्थिति में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा-24 के अंतर्गत भूमि सीमांकन की प्रक्रिया का सफल प्रदर्शन किया गया।

तहसील मोहनलालगंज की राजस्व टीम द्वारा भूमि का सीमांकन आधुनिक GNSS रोवर मशीन तथा पारंपरिक जरीब पद्धति—दोनों माध्यमों से किया गया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने दोनों विधियों से प्राप्त सीमांकन परिणामों का मिलान एवं सत्यापन किया। सत्यापन के दौरान रोवर तकनीक और जरीब के माध्यम से निर्धारित भूमि सीमाएं समान एवं सही पाई गईं।

राजस्व राज्यमंत्री सुरेन्द्र सिंह दिलेर ने स्वयं रोवर उपकरण की कार्यप्रणाली, तकनीकी शुद्धता, सीमांकन की प्रक्रिया तथा मौके पर भूमि की सीमाओं के निर्धारण की प्रणाली को विस्तार से जाना और समझा। आधुनिक तकनीक की सटीकता एवं उपयोगिता से प्रभावित होकर उन्होंने इसे राजस्व प्रशासन के लिए अत्यंत प्रभावशाली एवं क्रांतिकारी पहल बताया।

माननीय मंत्री ने कहा कि—रोवर तकनीक के माध्यम से भूमि सीमांकन की प्रक्रिया अधिक सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध होगी। यह वास्तव में एक शानदार तकनीकी पहल है, जिससे आम जनता को भूमि संबंधी विवादों से राहत मिलेगी तथा राजस्व प्रशासन के प्रति जनविश्वास और अधिक मजबूत होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राजस्व व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी, उत्तरदायी एवं जनहितकारी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। तकनीकी नवाचारों के माध्यम से वर्षों पुरानी प्रक्रियाओं को सरल बनाया जा रहा है, ताकि नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं शीघ्र, निष्पक्ष और बिना अनावश्यक परेशानी के प्राप्त हो सकें।



राजस्व राज्यमंत्री ने इस पहल के लिए राजस्व परिषद, जिला प्रशासन तथा तहसील की राजस्व टीम की सराहना करते हुए कहा कि रोवर तकनीक के प्रभावी उपयोग से धारा-24 के सीमांकन प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में तेजी आएगी। इससे भूमि की सीमाओं को लेकर होने वाले विवाद कम होंगे, प्रशासनिक कार्यक्षमता बढ़ेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व अभिलेखों की विश्वसनीयता को नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज आकाश सिंह, तहसीलदार ऋतुराज शुक्ला, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित तहसील प्रशासन एवं राजस्व विभाग की टीम उपस्थित रही। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने भी आधुनिक तकनीक से किए गए सीमांकन कार्य की सराहना की।

# शराब के विवाद में हुई मारपीट, चार दिन बाद घायल की मौत, आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जगदीशपुर में शराब पीने को लेकर हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। चार दिन पहले बादशाह और धर्मपाल के बीच कहासुनी के बाद मारपीट और धक्का-मुक्की हुई थी। इसी दौरान करीब 40 वर्षीय धर्मपाल सिर के बल जमीन पर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। घायल धर्मपाल का पहले स्थानीय स्तर पर उपचार कराया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर उसे मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



घटना के बाद अहमदगढ़ थाना पुलिस ने आरोपी बादशाह को गिरफ्तार कर लिया है। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण एहतियात के तौर पर गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। मौके पर क्षेत्राधिकारी खुर्जा शोभित कुमार और क्षेत्राधिकारी शिकारपुर प्रमोद कुमार सिंह भी मौजूद रहे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मृतक धर्मपाल का अंतिम संस्कार कराया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।

# भीम सिंह हत्याकांड में शामिल 4 अभियुक्त गिरफ्तार,अभियुक्तों से अवैध असलाह व डंडे बरामद किये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,सिंभावली।** जनपद के थाना सिंभावली पुलिस ने ग्राम अकबरपुर बुकलाना निवासी भीम सिंह हत्याकांड में शामिल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक तमंचा,एक जिन्दा कारतूस,एक खोखा,दो डंडे पैनी सहित बरामद किये है। थाना सिंभावली प्रभारी ने बताया कि थाना पुलिस ने ग्राम अकबरपुर बुकलाना निवासी भीम सिंह हत्याकांड में शामिल चार अभियुक्तों को गंगा एक्सप्रेसवे पुल के नीचे से गिरफ्तार किया। और उनके कब्जे से एक तमंचा,एक जिन्दा कारतूस,एक खोखा,दो डंडे पैनी सहित बरामद किये है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम सतेन्द्र पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम विरसिंहपुर,नेमपाल पुत्र जयपाल सिंह,ब्रहमपाल सिंह पुत्र जयपाल निवासी ग्राम अकबरपुर बुकलाना व पप्पू उर्फ सोबीर पुत्र आजाद निवासी ग्राम धनपुरा थाना सिंभावली जनपद हापुड़ है।

# अलग-अलग हादसों में तीन कांवड़ियों सहित छह घायल, बच्चे की हालत गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** सोमवार को दौराला थाना क्षेत्र में कांवड़ मार्ग पर दो अलग-अलग हादसों में तीन कांवड़ियों और एक बच्चे सहित छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनमें एक बच्चे की हालत गंभीर बनी है।

बताया जाता है कि दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित भराला कट के पास एक बाइक और टेंपो की भिड़ंत हो गई। इसके बाद टेंपो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में टेंपो में सवार होकर दिल्ली की ओर जा रहे दिल्ली के छतरपुर निवासी कांवड़िया कुणाल, सौरभ, लोकेश और टेंपो चालक सोनू घायल हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को दौराला सीएचसी भर्ती कराया।



वहीं, हरिद्वार में कांवड़ लेने जा रहा दिल्ली के शाहदरा निवासी अमरजीत और उसका पांच वर्षीय बेटा शिव मटौर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। पुलिस द्वारा घायल बाप-बेटों को दौराला सीएचसी भर्ती कराया गया। जहां शिव की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दौराला थाना प्रभारी सुमन सिंह ने बताया कि अभी किसी घटना में तहरीर नहीं मिली है।

# विद्युत करंट की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** कस्बे के एक चिकित्सक के युवा पुत्र की विद्युत करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट पर कर दिया गया। घटना से समूचे कस्बे में शोक व्याप्त है। मौहल्ला स्याना सिकंदरा (टाप) निवासी डॉ संजय गोस्वामी का बड़ा बेटा आदित्य उम्र लगभग 23 वर्ष रविवार की शाम घर पर विद्युत पंखे का कंडेंन्सर बदल रहा था। अचानक करंट लगने से आदित्य बुरी तरह जख़्मी हो गया। परिजन उसे तत्काल जिला मुख्यालय अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आदित्य की मौत का समाचार सुनकर सैकड़ों लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक जताते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। सोमवार को मृतक का अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में स्थानीय श्मशान घाट पर कर दिया गया।

## राष्ट्रीय सैनिक संस्था

## संस्था के नव नियुक्त जिलाध्यक्षों का भव्य स्वागत किया, सैन्य व नैतिक शिक्षा को अनिवार्य बनाने का लिया संकल्प

# संस्था जिलाध्यक्ष मुकेश त्यागी, शिक्षा विंग के गुलशन त्यागी व पुनीत शर्मा बने स्पोटर्स विंग के जिलाध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई हापुड़ के तत्वावधान में शिवपुरी स्थित मिलन पार्टी हॉल में कार्यकर्ता स्वागत एवं पत्रकारों का परिचय समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी,शिक्षा विंग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गुलशन त्यागी व स्पोट्र्स विंग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पुनीत शर्मा का भव्य स्वागत किया गया।

सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी (वीर चक्र) द्वारा प्रेषित नियुक्ति-पत्रों का वितरण किया गया।

संस्था प्रदेश प्रवक्ता ज्ञानेन्द्र त्यागी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति-पत्र सौंपते हुए कहा कि संगठन की नई टीम समाज सेवा,राष्ट्रहित और संगठन विस्तार के नए आयाम स्थापित करेगी।

शिक्षा विंग के अध्यक्ष गुलशन त्यागी ने कहा संस्था देशभर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रारंभिक सैन्य शिक्षा तथा नैतिक शिक्षा को अनिवार्य किए जाने की मांग को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

संस्था के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी ने कहा कि प्रारंभिक सैन्य प्रशिक्षण युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, आपदा प्रबंधन, राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है, जबकि नैतिक शिक्षा ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, संस्कार एवं उत्कृष्ट चरित्र निर्माण की आधारशिला है। यदि इन दोनों विषयों को शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाए तो देश को जागरूक, अनुशासित और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित नागरिकों की नई पीढ़ी प्राप्त होगी।









स्पोर्ट्स विंग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पुनित शर्मा ने बताया कि स्कूल कॉलेजों के अध्यापकों के साथ मिलकर युवा खिलडियों को क्षेत्र में टूनामेंट कर प्रोत्साहित करते हुए उन्हें राष्ट्रीय लेवल तक ले जाने में संस्था सहयोगी सिद्ध होगी। खेल जगत में एक नया आयाम स्थापित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संरक्षक नरेन्द्र त्यागी व संचालन जिला सचिव मुकेश प्रजापति ने किया। इस अवसर पर सुमन त्यागी,कवि विकास त्यागी,नानक चंद शर्मा,जिला संरक्षक शशांक मुनि त्यागी, वरिष्ठ जिला संयोजक हरिराज सिंह, जिला कानूनी सलाहकार एडवोकेट मुकुल कुमार त्यागी, जिला संयोजक चौधरी निखिल त्यागी,जिला सचिव मुकेश प्रजापति, जिला सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्याम वर्मा, नगर अध्यक्ष रिशिपाल प्रजापति, नगर उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, दीपचंद प्रजापति, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महिला ब्रिगेड की उपाध्यक्ष मुनेश त्यागी, महिला ब्रिगेड की जिला अध्यक्ष मोनिका त्यागी, जिला सचिव प्राची खुल्लर, जिला कार्यालय अधीक्षक दीपिका त्यागी, धौलाना तहसील अध्यक्ष कुलदीप तोमर,तहसील कोषाध्यक्ष अमित तोमर, युवा कमांड के जिला उपाध्यक्ष अनिल त्यागी,एम एस हैरिटेज पब्लिक स्कूल के चेयरमैन रामकिशोर त्यागी नवरत्न त्यागी, कैप्टन राजेश चौधरी, पूर्व फौजी आदिल चौधरी, शाहिद अली, सतबीर प्रधान आदि मौजूद रहे।

# सभासदों ने नाले को ढकवाने की मांग को लेकर ईओ को दिया ज्ञापन

बुलंद संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर** । सोमवार को खुर्जा अड्डे पर स्थित बालाजी मंदिर का नाला जो खुला हुआ है और गहरा है उसे ढकवाने के लिए अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह को ज्ञापन दिया ।क्योंकि यहां पर एक स्कूल भी स्थित है। बारिश के समय कोई हादसा भी हो सकता है। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्दी से जल्दी इसे ढकवा दिया जाएगा। इस अवसर पर राजेंद्र लोधी सभासद, सभासद प. वीरेंद्र कुमार गर्ग,गौतम सूर्यवंशी ,रंजीत सैनी आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं अपना व्यापार मेसर्स वाहिद लैदर के नाम से करते थे किन्तु अपना फर्म नाम बदल कर मेसर्स हादी & कम्पनी कर लिया है अब इसी नाम से जाना जायेगा।

Gst no.
09AAFPQ7104E1ZT

# कुन्दरकी में सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में गूंजे 'हर-हर महादेव' के जयकारे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** सावन माह के पहले सोमवार को श्रद्धा और आस्था का सैलाब देखने को मिला। सुबह से ही क्षेत्र के सभी शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। गंगाजल और बेलपत्र लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का

**झारखंड पाताल फोर्ड मोटेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से उमड़े श्रद्धालु**

जलाभिषेक कर मनोकामनाएं मांगी।

**मंदिरों में रहा भक्तिमय माहौल**

झारखंड पाताल फोर्ड मोटेश्वर महादेव मंदिर, ईंधनपुर नगला में भोर से ही भक्तों का तांता लग गया। कांवड़ियों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से शिवलिंग पर जल चढ़ाया। मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों और झालरों से सजाया गया था। भजन-कीर्तन और शंख-घंटियों की ध्वनि से पूरा परिसर गुंजायमान रहा।







इसी तरह कुन्दरकी नगर के मौहल्ला नूरूल्ला स्थित प्राचीन शिव मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य शिवालयों में भी दिनभर पूजा-अर्चना का क्रम जारी रहा। महिलाओं और बच्चों ने विशेष रूप से व्रत रखकर पूजा की।


**व्यवस्थाएं रही मुस्तैद**

सावन के मद्देनजर जिम्मेदारों द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिरों के आसपास सफाई और पेयजल की व्यवस्था भी की गई। पुलिस बल की तैनाती से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। दिनभर 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के नारों के साथ पूरा क्षेत्र शिवमय नजर आया।

# बिलारी को मिले नए एसडीएम न्यायिक, वेद प्रकाश पांडे ने संभाला कार्यभार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** तहसील बिलारी में एसडीएम न्यायिक के पद पर वेद प्रकाश पांडे ने कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वेद प्रकाश पांडे गौतम बुद्ध नगर में तैनात थे। मूल रूप से अयोध्या निवासी वेद प्रकाश पांडे को सरल और सौम्य व्यवहार के लिए जाना जाता है। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप तहसील में आने वाले सभी कार्यों का समय से निस्तारण किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा। न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने का प्रयास रहेगा। इस अवसर पर तहसील के अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और आमजन ने नए एसडीएम न्यायिक का स्वागत किया।



# कांठ तहसील बार एसोसिएशन चुनाव: अध्यक्ष महासचिव एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु होगा 13 अगस्त को चुनाव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद कांठ तहसील बार एसोसिएशन में तीन पदों पर चुनाव होना माना जा रहा है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक बताया गया कि आज किसी भी नाम पर आपत्ति ना आने के कारण सभी पत्र वैध पाए गए लेकिन सदस्य हेतु मनोज कुमार व खेम सिंह ने अपना नामांकन पत्र वापस कर लिया। इसलिए अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी चरन सिंह ढाका एवं डॉक्टर विनीत नैन,महासचिव पद पर चार प्रत्याशी शहजाद रफी, सुनील कुमार, मोहम्मद नाजिम, व कपिल कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी मोहम्मद नौशाद व कपिल कुमार, होने के कारण इन तीन पदों पर 13 अगस्त को चुनाव किया जाएगा' वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु शीशराम सिंह कनिष्ठ उपाध्यक्ष दो पद 10 वर्ष जीनत परवीन अतुल राजपूत कनिष्ठ उपाध्यक्ष 10 वर्ष से कम परितोष भारती सह सचिव प्रशासनिक भूपेंद्र सिंह सह सचिव पुस्तकालय मोहम्मद सोहेल खान सह सचिव प्रशासनिक पर दिनेश कुमार सदस्य कार्यकारिणी पांच पदों पर मोहम्मद अजहरुद्दीन योगेंद्र सिंह बृजेश कुमार हिमांशु धीर सुनील कुमार का निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो गया है। जिनकी विधिवत औपचारिक घोषणा 13 अगस्त को मतदान और मतगणना के उपरांत की जाएगी।




# पीएफ का पैसा "48 घंटे के अंदर बैंक खाते में "आएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में नई व्यवस्था लागू होने के बाद पीएफ निकासी दावों का निपटारा उसी दिन या अधिकतम 48 घंटे के भीतर कर दिया जाएगा। ईपीएफओ जल्द ही यूपीआई के जरिए सीधे बैंक खाते में पीएफ की राशि भेजने की सुविधा शुरू कर देगा। ईपीएफओ के अनुसार, नई व्यवस्था में करीब 90% दावों का स्वतः निपटारा हो रहा है। अभी तक ईपीएफओ में ऑनलाइन दावे, केवाईसी पूरी होने के बाद सामान्य तौर पर सात से दस कार्य दिवस में निपटाए जाते हैं। नई व्यवस्था लागू होने से कर्मचारियों को जरूरत के समय पीएफ की राशि जल्दी मिल सकेगी। नियामक संस्था सदस्यों को बेहतर सेवाएं देने के साथ-साथ नियोक्ताओं के लिए अनुपालन प्रक्रिया आसान बनाने पर काम कर रही है।इसी के साथ ईपीएफओ जल्द ही भीम ऐप के जरिए क्लेम का पैसा भेजने की शुरूआत करने जा रहा है। इसका मतलब यह है कि आपका पीएफ का पैसा सीधे आपके उस बैंक खाते में ट्रांसफर होगा जो आपके यूपीआई से जुड़ा है। अधिकारियों को उम्मीद है कि एक महीने के अंदर यह व्यवस्था पूरी तरह काम करने लगेगी।

# दहेज उत्पीड़न की जांच को पहुंची पुलिस पर हमला:, वर्दी भी फाड़ी,महिलाओं समेत आठ पर रिपोर्ट दर्ज,अनेक गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दहेज उत्पीड़न के मामले में जांच के लिए मझोला थाना क्षेत्र के गांव मलगद्दा में पहुंची सोनकपुर थाना पुलिस के सामने की ससुराल वालों ने पीड़िता पर हमला कर दिया। बचाव करने पर दरोगा व महिला पुलिसकर्मी को मारपीट कर वर्दी फाड़ दी। पथराव भी किया। पुलिस ने घायल दरोगा की तहरीर पर महिलाओं सहित आठ के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर तीन महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार, सोनकपुर थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव निवासी मुस्कान ने 31 जुलाई को पति व ससुराल के दस लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसएसआई कृष्णपाल सिंह फोरेंसिक टीम के साथ जांच के लिए मलगद्दा गांव गए थे। पीड़िता मुस्कान, उसकी मां राबिया और मौसेरा भाई दानिश भी थे। दरोगा कृष्णपाल का कहना है कि जांच के दौरान पीड़ित महिला पर पति दिलदार, सास व ननद आदि ने धारदार हथियार से हमला किया। बचाव करने पर आरोपियों ने महिला पुलिसकर्मी से मारपीट की और वर्दी फाड़ दी। विवेचक पर भी हमला कर दिया। कुछ लोगों ने पथराव भी किया।पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने सरकारी दस्तावेज भी फाड़ दिए। साथ ही झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। आरोपी सायरून खुद ही अपना सिर फोड़ लिया और ईंट से विवेचक पर हमला किया। घटना की सूचना मिलने पर मझोला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह का कहना है कि एसएसआई कृष्णपाल की तहरीर पर आरोपी दलदार, उसकी मां हुरन, बहन शबाना, राहिल, अफसाना, शहाना, शमा और शायरून के खिलफ मारपीट, जानलेवा हमला, सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी दिलदार, उसकी मां हुरन, बहन राहिल व शाहेरून को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया है।



# घेराबंदी कर पुलिस ने डेढ करोड की स्मैक सहित किए पांच तस्कर गिरफतार , पूरे नेटवर्क का जल्द होगा खुलासा: पुलिस अधीक्षक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर (आनन्द शर्मा )।** नशा कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए सोमवार दोपहर बाद कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 5 तस्करों को 473 ग्राम स्मैक,2130 ग्राम स्मैक कट पाउडर, 71 हजार रुपए नगद,8 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल और एक स्कूटी सहित गिरफ्तार किया ! पता चला है कि यह कार्यवाही हमसफर चौक से मिलक- बिजनौर रोड पर पुल निर्माण स्थल के पास घेराबंदी कर पुलिस द्वारा पांचो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया ! पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फाजिल निवासी जीना इनायतगंज ,रामपुर, कासिम पीपलसाना- मुरादाबाद , जावेद निवासी मजीदगंज रामपुर, फरमान निवासी काली राख थाना काशीपुर उद्घमसिंहनगर के रूप में हुई है !



पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8 / 21 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है ! गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है ! उनका कहना रहा की पुलिस जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा करेगी और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी !

# आग लगी तो बचना मुश्किल: मुरादाबाद में "तंग गलियों में चल रहे 1500 से अधिक" कारखाने

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** पीरगैब, बरवालान और वारसी नगर समेत पुराने शहर के कई इलाकों में 1500 से अधिक कारखाने संकरी गलियों के बीच संचालित हो रहे हैं। अधिकांश मकानों के भूतल पर भट्ठियां, गैस सिलिंडर और वेल्डिंग मशीनों के बीच उत्पादन हो रहा है, जबकि ऊपर परिवार रह रहे हैं।आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं और गलियां इतनी संकरी हैं कि दमकल वाहन का अंदर तक पहुंचना लगभग असंभव है। ऐसे में जरा सी चिंगारी भी बड़े अग्निकांड का कारण बन सकती है 'पीतलबस्ती दस्तकार एसोसिएशन साजिद मंसूरी के अनुसार शहर में स्थित मोहल्लों में 2500 से अधिक कारखाने हैं। इसमें से 1500 कारखाने संकरी गलियों में हैं। पिछले आठ वर्षों से आर्टिजन पार्क की मांग की जा रही है।

यह मुद्दा हर बार उद्योग बंधु की बैठक में उठाया जाता है लेकिन अब तक कारखानों के लिए अलग से कोई भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके चलते कारीगर आबादी के बीच ही उत्पादन करने को मजबूर हैं। साजिद मंसूरी का कहना है कि यदि आर्टिजन पार्क की सुविधा मिल जाए तो अधिकांश कारीगर अपने कारखाने वहां स्थानांतरित कर सकेंगे।इन इलाकों में सबसे अधिक कारखाने बरवालान, पीरगैब, वारसी नगर, अंसारी चौक, कटा बाग, कच्चा बाग, पक्का बाग, जामा मस्जिद चौराहा, लाल बाग, कटघर, पीरजादा और नवाबपुरा में बड़ी संख्या में धातु हस्तशिल्प इकाइयां संचालित हो रही हैं।

सभी क्षेत्रों की लगातार जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों को नोटिस जारी किए जाते हैं। जवाब नहीं मिलने पर रिपोर्ट प्रशासन को भेजी जाती है। आगे की कार्रवाई प्रशासन स्तर पर होती है। (डॉ. राजीव कुमार पांडेय, मुख्य अग्निशमन अधिकारी)'

तंग गलियों में बिना नक्शे चल रहे कारोबार की पड़ताल करेगा एमडीए। शहर की संकरी गलियों में आवासीय भवनों से संचालित हो रही व्यावसायिक गतिविधियों पर अब मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) की नजर रहेगी। कृष्णा कॉलोनी स्थित मोमबत्ती फैक्टरी में लगी आग के बाद प्राधिकरण ने ऐसे भवनों का सर्वे कराने का निर्णय लिया है, जहां नियमों के विपरीत व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होने की आशंका है। सर्वे के दौरान एमडीए की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर भवनों के स्वीकृत नक्शों का मिलान मौके की वास्तविक स्थिति से करेंगी। यह देखा जाएगा कि जिन भवनों को आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृति मिली है, उनका इस्तेमाल कहीं दुकान, गोदाम, कार्यालय, कोचिंग सेंटर या अन्य व्यावसायिक कार्यों के लिए तो नहीं किया जा रहा। जांच में नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। इसके बाद भवन उपविधियों के अनुसार आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एमडीए के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य भवन उपयोग संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित कराना है।

# थ्री व्हीलर ने मोटरसाइकिल में मारी टक्कर: दोनों बाइक सवार घायल: कॉसमॉस हॉस्पिटल में भर्ती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सोमवार की शाम 15:30 बजे कपिल सैनी पुत्र गोपाल उम्र करीब 32 वर्ष तथा विपिन सैनी पुत्र स्वर्गीय बीरबल उम्र करीब 29 वर्ष निवासी गण लाकडी फाजलपुर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद अपनी बुलेट मोटरसाइकिल up21DB6545 से रुड़की से मुरादाबाद जा रहे थ्री व्हीलर रजिस्ट्रेशन नंबर UP21AU 21 DT 0436 से छजलैट से कांठ जा रहा था ग्राम मघपुरी में सड़क दुर्घटना हो गई जिसमें उपरोक्त दोनों बाइक सवार के हल्की चोटें लगी है थ्री व्हीलर पुलिस के कब्जे में है दोनों घायलों को कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल के अनुसार यातायात सुचारू रूप से चल रहा है।

# स्कूलों के आसपास और गांवों में दिख रहे बंदर, बच्चे व किसान चिंतित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर और आसपास के गांवों में बंदरों की संख्या बढ़ने से लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। नगर पंचायत कार्यालय, स्कूलों के पास और रिहायशी इलाकों में बंदरों का आना-जाना लगा रहता है। नगर पंचायत कार्यालय के पास प्राइमरी व कन्या विद्यालय स्थित हैं। सुबह के समय यहां से सैकड़ों बच्चे स्कूल आते-जाते हैं। बंदरों को देखकर बच्चे डर जाते हैं। अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। वहीं कुन्दरकी ब्लॉक के जैतपुर पट्टी सहित आसपास के गांवों में भी बंदर घरों की छतों और गलियों में देखे जा रहे हैं। किसानों का कहना है कि खेतों में लगी सब्जी और फलों की फसल को बंदर नुकसान पहुंचा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिम्मेदारों से बंदरों के सुरक्षित स्थानांतरण और स्कूलों के आसपास निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।






# हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आए हजारों "शिव भक्तों ने शिव मंदिरों में किया" जलाभिषेक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** देवनगरी हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आए हजारों शिव भक्तों ने सावन माह के पहले सोमवार को आज लाडलाबाद प्रकटेश्वर शिव मंदिर और छजलैट के प्राचीन ढ'की शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। कांठ के लाडलाबाद प्रकटेश्वर शिव मंदिर और छजलैट के प्राचीन महादेव मंदिर से स्थानीय ही नहीं बल्कि दूर-दराज के श्रद्धालुओं की भी आस्था जुड़ी है' हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने लाडलाबाद मंदिर और प्राचीन ढाकी मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे मंदिर पर पहुंचे और उन्होंने भी बेलपत्र आदि चढाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की दोनों मंदिरों पर मेले का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे बच्चों ने मेले का आनंद लिया। श्रद्धालुओं के लिए दिनभर भंडारे भी मंदिरों पर चलते रहे सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात रही। इसके साथ-साथ क्षेत्र के अन्य मंदिरों पर भी सावन के पहले सोमवार को आम जन ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर धर्म लाभ उठाया है।



# हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत नौ से 17 अगस्त तक होंगे कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत जनपद में नौ अगस्त से 17 अगस्त तक नौ दिन प्रशासन की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तिरंगा रैलियां निकाली जाएंगी। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। डीएम ने बताया कि इस वर्ष हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन 'वंदे मातरम' की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष रूप से किया जा रहा है। इसके तहत जिले में तिरंगा रैलियां निकाली जाएंगी। जिला स्तर पर तिरंगा कॉन्सर्ट आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों में स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के परिजनों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। । अर्द्धसरकारी एवं शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण किया जाएगा। डीएम ने बताया कि




आमजन को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर और 'वंदे मातरम्' का वीडियो पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे अभियान में अधिकाधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, सरकारी भवनों, विद्यालयों और अन्य प्रमुख स्थानों पर तिरंगा थीम आधारित प्रकाश सज्जा, रंगोली, चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं और अन्य जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**मातमी जुलूस** | **नगर मे मेंहदी का जुलूस निकला**

# कुन्दरकी में आज निकलेगा चेहल्लुम का मुख्य मातमी जुलूस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर में देर रात मेंहदी का जुलूस निकला। आज (मंगलवार ) को निकलेगा चेहल्लुम का मुख्य मातमी जुलूस। हजरत इमाम हुसैन के चेहल्लुम के सिलसिले मे होती रही मजलिसे व शहादत नामो का सिलसिला चलता रहा ।

काजी सय्यद जैगम अली नकवी के आजाखाने पर आयोजित मजलिस में परचम अब्बास रिजवी ने मरसिया पढ़ा और नजर हुसैन रिजवी, बाकर अली रिजवी ने पेश ख्वानी की तथा मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना युसूफ अहमद मशहदी ने कहा कि रसूले करीम का जन्म उस दौर में हुआ जब अरब में अज्ञानता का अंधेरा था पैगंबरे इस्लाम ने ज्ञान देकर अज्ञानता के अंधेरों को मिटाया और उन्हे इंसानियत का पैगाम दिया फिर अपने किरदार और अमल से लोगो को मुसलमान बनाया । इस्लाम और रसूले करीम और अहले बैत को समझने के लिए इल्म का होना जरूरी है । इस्लाम का तालूक इल्म और शुजाअत से है क्योकि इल्म और शुजाअत के बगैर जुल्म और अत्याचार को नही मिटाया जा सकता है और न ही जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद की जा सकती है । इल्म और शुजाअत के बगैर अगर जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई भी जाती है तो उस आवाज को दबाया जा सकता है । कर्बला में हजरत इमाम हुसैन और उनके जानिसारों ने अपने इल्म और शुजाअत से यजीद की बैयत के सवाल को हमेशा हमेशा के यजीद के घर में दफन कर दिया । कर्बला में नौजे नेजा पर कटे हुए सर से कुरान की तिलावत करके हजरत इमाम हुसैन ने दुनिया को पैगाम दिया कि अज्ञानता की वजह से और जुल्म करके मजलूमों के सरों को काट तो सकते हो मगर इल्म और शुजाअत से जीत नही सकते हो । उन्होंने कहा कि शहादत उन्ही लोगो को मिलती है जिनके पास इल्म और शुजाअत होती है । अंजुमन अकबरी ने नौहा ख्वानी की। नगर में देर रात शिया व सुन्नी समुदाए ने मेंहदी का जुलूस निकाला जो कि नगर में गश्त करने बाद मंगलवार की सुबह समाप्त हुआ ।



# अस्थायी बस अड्डे से रोडवेज बसों का संचालन होने से रोडवेज की आमदनी प्रतिदिन 10 लाख घटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कांवड़ यात्रा के दौरान बसों का संचालन अस्थायी बस अड्डे से किए जाने का सीधा असर रोडवेज की आय पर पड़ा है। यात्रियों की संख्या लगभग आधी रह गई है। पहले मुरादाबाद डिपो को प्रतिदिन करीब 22 लाख की आय होती थी, वहीं अब यह 11 से 12 लाख प्रतिदिन रह गई है। परिवहन निगम के अधिकारियों का कहना है कि अस्थायी बस अड्डे तक पहुंचने में होने वाली दिक्कतों के कारण यात्रियों ने निजी वाहनों और अन्य साधनों का रुख कर लिया है। दिल्ली जैसे व्यस्त रूट पर भी बसों में मुश्किल से 10 यात्री ही मिल रहे हैं।चालकों-परिचालकों का कहना है कि पहले मुरादाबाद बस अड्डे से दिल्ली जाने वाली बसें लगभग पूरी भरकर रवाना होती थीं। अब रामपुर दौराहा स्थित अस्थायी बस अड्डे से दिल्ली जाने वाली बसों में भी अधिकतम 10 यात्री ही मिल रहे हैं। अस्थायी बस अड्डा प्रभारी रियाज हुसैन ने बताया कि शहर के अंदर से अस्थायी बस अड्डे तक यात्रियों को अतिरिक्त किराया खर्च करना पड़ रहा है। कई यात्री ऑटो से रामपुर तक पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग निजी वाहन, टैक्सी और अन्य साधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हर दिन औसतन 10 लाख की आय घटी है। उन्होंने बताया कि जब तक बसों का संचालन अस्थायी बस अड्डे से होता रहेगा, तब तक यही स्थिति बनी रहने की संभावना है।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# पोल्का डॉट प्रिंटेड ड्रेस में नितांशी गोयल का दिलकश अंदाज, तस्वीरें देख फैंस बोले-फूल कुमारी मैडम

फिल्म लापता लेडीज की भोली-भाली फूल कुमारी तो याद होगी? यह भूमिका अभिनेत्री नितांशी गोयल ने निभाई। मूवी में सादगी वाले अंदाज में नजर आईं एक्ट्रेस फिलहाल अपने स्टाइलिश फोटोशूट को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इसमें उनका बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है।नितांशी गोयल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ फोटोज शेयर किए हैं। वे ब्राउन कलर की मिनी ड्रेस पहनी दिख रही हैं। उन्होंने अपना लुक सिंपल रखा है, इसके बावजूद बेहद आकर्षक लग रही हैं। नितांशी गोयल की तस्वीरें देख फैंस उनके लुक की तारीफें कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, फूल मैडम। एक अन्य यूजर ने लिखा, गॉर्जियस। एक यूजर ने लिखा, इस प्यारी लड़की की शानदार तस्वीरों के साथ जुलाई ने इस अंदाज में विदा ली है। लापता लेडीज में अपनी भूमिका के लिए नितांशी को खूब तारीफें मिली थीं। उन्हें इसके लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का आईफा पुरस्कार भी मिला था।नितांशी गोयल उत्तर प्रदेश के नोएडा से ताल्लुक रखती हैं। उनका जन्म 12 जून 2007 को नोएडा में हुआ। नितांशी ने अपने करियर की शुरूआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। वे कई फैशन शो और विज्ञापनों में नजर आईं।

# लोकेश कनगराज और वामिका गब्बी की फिल्म डीसी का ट्रेलर रिलीज, 7 अगस्त को होगी रिलीज

लोकेश कनगराज डीसी  नाम की फिल्म से एक एक्टर के तौर पर डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म को अरुण मथेश्वरन डायरेक्ट कर रहे हैं और यह 7 अगस्त 2026 को रिलीज होगी। फिल्म में वामिका गब्बी फीमेल लीड रोल में हैं।

मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया और इसने फिल्म प्रेमियों के बीच जबरदस्त दिलचस्पी पैदा की। 2 मिनट 32 सेकंड के ट्रेलर में देवदास (लोकेश कनगराज) को दिखाया गया है, जो न सिर्फ अपने अतीत से, बल्कि कानून से भी भागने की कोशिश करता है। सब कुछ तब बिखर जाता है जब एक पुलिस अफसर की हत्या हो जाती है और उसके कातिल की तलाश शुरू होती है। इसके अलावा, एक दूसरा मामला भी है जिसमें एक ऐसे क्रिमिनल गैंग की जांच शामिल है जिसने बेकार पड़े हथियार चुरा लिए हैं।

इन दोनों मामलों के धीरे-धीरे आपस में जुड़ने से, देवदास क्रिमिनल्स, चरमपंथियों और पुलिस के बीच फँस जाता है। किस्मत के एक अजीब मोड़ पर चंद्रा (वामिका गब्बी) की मुलाकात देवदास से होती है। हालाँकि, किस्मत की यह मुलाकात एक रिश्ते में बदल जाती है, जो धोखे, त्याग और लगातार बने रहने वाले खतरे की वजह से मुश्किल हो जाता है। फिर, आपकी मुलाकात पार्वती (संजना कृष्णमूर्ति) से



होती है, जो देवदास की उथल-पुथल भरी जिंदगी में कुछ शांति लाती हुई लगती है। ट्रेलर इस सवाल के साथ खत्म होता हैः जब कोई अपराध होता है, तो पुलिस उसे सुलझाने के लिए आगे आती है। लेकिन जब पुलिस ही कोई अपराध करती है, तो उस पर सवाल उठाने के लिए कौन आगे आएगा?

# 'मॉम' का बन रहा सीक्वल, एक्ट्रेस खुशी कपूर निभाएगी लीड रोल

महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम, 2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2, में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'मॉम 2, का कनेक्शन श्रीदेवी के उस




यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉमङ्ग श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।खुशी कपूर ने 'द आर्चीज, से डेब्यू किया था, लेकिन 'नादानियांङ्ग और 'लवयापा, जैसे प्रोजेक्ट्स को खास रिस्पॉन्स नहीं मिला। ऐसे में 'मॉम 2, को उनके करियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट माना जा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म के शुरूआती फुटेज देखने वाले एक सूत्र ने खुशी की एक्टिंग में काफी सुधार बताया है। उन्होंने कहा कि खुशी इस बार ज्यादा इमोशनल डेप्थ के साथ नजर आ रही हैं और कहीं-कहीं श्रीदेवी की झलक भी दिखती है।

# बॉक्स ऑफिस पर स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे का जलवा, दो दिन में 100 करोड़ क्लब में शामिल, भाई तेरा स्टार है रही फीकी

सिनेमाघरों में इस सप्ताह हॉलीवुड फिल्म स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे का दबदबा देखने को मिल रहा है। टॉम हॉलैंड अभिनीत इस सुपरहीरो फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन भी शानदार प्रदर्शन करते हुए महज दो दिनों में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। दूसरी ओर बॉलीवुड फिल्म भाई तेरा स्टार है दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम रही। वहीं तमिल फिल्म जन नायकन और हॉलीवुड फिल्म द ओडिसी ने भी बॉक्स ऑफिस पर स्थिर प्रदर्शन जारी रखा है।

स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे ने दूसरे दिन 49.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इससे पहले पहले दिन फिल्म ने 60.60 करोड़ रुपये की शानदार ओपनिंग दर्ज की थी। दो दिनों में फिल्म की कुल कमाई 109.95 करोड़ रुपये पहुंच गई है। डेस्टिन डेनियल क्रेटन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में टॉम हॉलैंड एक बार फिर लोकप्रिय सुपरहीरो स्पाइडर-मैन की भूमिका निभा रहे हैं। भारत में यह फिल्म हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित कई भाषाओं में प्रदर्शित की गई है, जिसका लाभ इसे विभिन्न क्षेत्रों से मिल रहा है।वहीं बॉलीवुड फिल्म भाई तेरा स्टार है बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष करती नजर आ रही है। राघव जुयाल अभिनीत इस फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन 25 लाख रुपये का कारोबार किया। पहले दिन भी फिल्म की कमाई 25 लाख रुपये रही थी। इस तरह दो दिनों में इसका कुल संग्रह केवल 50 लाख रुपये तक पहुंच पाया है। विवेक बी. अग्रवाल के निर्देशन में बनी यह फिल्म स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे की जबरदस्त लोकप्रियता के सामने टिक नहीं सकी।उधर, तमिल अभिनेता और मुख्यमंत्री विजय की बताई जा रही अंतिम फिल्म जन नायकन का प्रदर्शन भी मजबूत बना हुआ है। फिल्म ने रिलीज के नौवें दिन 3.55 करोड़ रुपये की कमाई की। इससे एक दिन पहले इसका कारोबार 3.98 करोड़ रुपये रहा था। अब तक फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस संग्रह 157.10 करोड़ रुपये हो चुका है। फिल्म को सबसे अधिक सफलता तमिलनाडु में मिल रही है, जहां दर्शकों का उत्साह लगातार बना हुआ है।हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म द ओडिसी भी भारतीय बॉक्स ऑफिस



पर लगातार अच्छी कमाई कर रही है। रिलीज के पंद्रहवें दिन फिल्म ने 3.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जबकि चौदहवें दिन इसकी कमाई 2.75 करोड़ रुपये रही थी। इसके साथ ही फिल्म का कुल संग्रह 138.40 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। फिल्म में मैट डेमन, टॉम हॉलैंड और एनी हैथवे मुख्य भूमिकाओं में हैं।फिल्म कारोबार के जानकारों का मानना है कि आने वाले सप्ताहांत में स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे की कमाई में और तेजी आ सकती है। वहीं अन्य फिल्मों के सामने इस हॉलीवुड फिल्म की लोकप्रियता बड़ी चुनौती बनी हुई है। फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर सुपरहीरो फिल्म का दबदबा साफ दिखाई दे रहा है, जबकि क्षेत्रीय और अन्य हिंदी फिल्मों को दर्शकों का सीमित समर्थन मिल रहा है।

# बच्चों की हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, बढ़ेगी उनकी ताकत

बच्चों की हड्डियों का विकास उनके समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। मजबूत हड्डियों के लिए कैल्शियम और विटामिन-डी जरूरी पोषक तत्व माने जाते हैं। इसके साथ ही नियमित व्यायाम भी जरूरी है। इसके अलावा खान-पान और सूरज की रोशनी भी हड्डियों के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इस लेख में हम कुछ सरल और प्रभावी तरीकों पर चर्चा करेंगे, जिनसे आप अपने बच्चों की



हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं।

**कैल्शियम युक्त आहार दें**

कैल्शियम हड्डियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। बच्चों को दूध, दही और पनीर जैसे डेयरी उत्पादों के साथ हरी सब्जियां, बादाम और संतरे का रस देना चाहिए।

इनसे बच्चों को कैल्शियम और अन्य जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। इसके अलावा पालक और ब्रोकली जैसी हरी सब्जियां भी कैल्शियम का अच्छा स्रोत हैं।

इनसे बच्चों को मजबूत हड्डियां मिल सकती हैं और उनका समग्र स्वास्थ्य भी बेहतर होता है।

**विटामिन-डी की अहमियत समझें**

विटामिन-डी कैल्शियम को शरीर द्वारा बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है। इसके लिए बच्चों को सुबह की धूप में कुछ मिनट बैठाना चाहिए, ताकि उनका शरीर खुद ही विटामिन-डी बना सके।

इसके अलावा दूध जैसे खाद्य पदार्थ भी विटामिन-डी के अच्छे स्रोत हैं। इनसे बच्चों की हड्डियां मजबूत होती हैं और उनका समग्र स्वास्थ्य भी बेहतर होता है।

धूप में घूमने से न केवल विटामिन-डी मिलता है, बल्कि यह मन को भी शांत रखता है।

**नियमित व्यायाम कराएं**

बच्चे जितना ज्यादा सक्रिय रहेंगे, उनकी हड्डियां उतनी ही मजबूत होंगी। उन्हें रोजाना दौड़ना, कूदना, साइकिल चलाना या कोई खेल खेलने के लिए प्रेरित करें।

इससे उनकी मांसपेशियां भी मजबूत होंगी और हड्डियों पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावा योग और स्ट्रेचिंग जैसे हल्के व्यायाम भी हड्डियों को मजबूती प्रदान कर सकते हैं।

बच्चों को फिट रखने के लिए इन सभी गतिविधियों को उनकी दिनचर्या में शामिल करना जरूरी है।

**धूप में समय बिताएं**

सूरज की रोशनी से मिलने वाला प्राकृतिक विटामिन-डी हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए, बच्चों को रोजाना थोड़ी देर धूप में बैठने दें, खासकर सुबह की धूप बहुत फायदेमंद होती है।

इससे न केवल विटामिन-डी मिलता है, बल्कि यह मन को भी शांत रखता है। बच्चों को पार्क या बालकनी में खेलने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वे प्राकृतिक रूप से विटामिन-डी प्राप्त कर सकें और स्वस्थ रहें।


**अच्छी नींद लें**

नींद हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है, खासकर बच्चों के लिए। अच्छी नींद लेने से शरीर खुद को ठीक कर पाता है और हड्डियों का विकास भी बेहतर होता है।

बच्चों को सोने का नियमित समय तय करें, ताकि वे अच्छी तरह आराम कर सकें। इन सभी तरीकों को अपनाकर आप अपने बच्चों की हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं और उनका समग्र स्वास्थ्य भी बेहतर बना सकते हैं।

# क्या आंखों के लिए जरूरी है ओमेगा-3 ? जानिए इससे मिलने वाले 5 फायदे

ओमेगा-3 एक जरूरी फैटी एसिड है, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह न केवल आंखों की रोशनी को बेहतर बनाने में मदद करता है, बल्कि आंखों की सूजन और अन्य समस्याओं से भी राहत दिलाता है। इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे ओमेगा-3 का सेवन आपकी आंखों को स्वस्थ रख सकता है और किन खाद्य पदार्थों से आप इसे आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।



आंखों की सूजन को कम करने में सहायक ओमेगा-3 में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो आंखों की सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

अगर आपकी आंखें सूजी रहती हैं या उनमें जलन होती है तो ओमेगा-3 का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है।

यह आंखों की रक्त वाहिकाओं को मजबूत बनाता है और सूजन को कम करता है।

इसके अलावा यह आंखों की नमी बनाए रखने में भी मदद करता है, जिससे आपकी आंखें तरोताजा महसूस होती हैं।

**दृष्टि सुधारने में प्रभावी**

ओमेगा-3 आंखों की रोशनी को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आंखों के अंदर पोषक तत्व पहुंचाने में सहायक होता है, जिससे दृष्टि सुधारने में मदद मिलती है।

नियमित रूप से ओमेगा-3 का सेवन करने से उम्र बढ़ने के साथ होने वाली दृष्टि समस्याओं का खतरा भी कम हो सकता है।

इसके अलावा यह आंखों की संवेदनशीलता को बढ़ाता है और उन्हें स्वस्थ भी बनाए रखता है।

**आंखों की थकान दूर करने में कारगर**

लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों में थकान हो सकती है, जिसे ओमेगा-3 दूर कर सकता है। यह आंखों की मांसपेशियों को आराम देता है और उन्हें तरोताजा बनाता है।

अगर आप दिनभर स्क्रीन पर काम करते हैं तो अपने आहार में ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें, जैसे कि सब्जा के बीज, अलसी के बीज या अखरोट।

इससे आपकी आंखें थकी हुई महसूस नहीं होंगी और आप अधिक आराम महसूस करेंगे।

**आंखों के सूखापन को दूर करें**

अगर आपकी आंखें अक्सर सूखी रहती हैं तो ओमेगा-3 इसका समाधान हो सकता है। यह आंखों की नमी बनाए रखने में मदद करता है और सूजन को कम करता है।

इसके अलावा यह आंखों की संवेदनशीलता को बढ़ाता है, जिससे वे अधिक स्वस्थ और तरोताजा महसूस होती हैं।

आप अपने आहार में ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ शामिल कर सकते हैं, जैसे कि सब्जा के बीज, अलसी के बीज या अखरोट।

**रात को अच्छी नींद में मददगार**

अच्छी नींद के लिए भी ओमेगा-3 जरूरी माना जाता है, क्योंकि यह दिमाग तक पहुंचकर तंत्रिका तंत्र को शांत करता है। इससे नींद अच्छी आती है और आंखें आराम महसूस करती हैं।

अगर आप रात को ठीक से सो नहीं पा रहे हैं तो अपने आहार में ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें. जैसे कि सब्जा के बीज, अलसी के बीज या अखरोट। इससे आपकी नींद बेहतर होगी और आंखें तरोताजा महसूस करेंगी।

# संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए पीडीए समाज एकजुट हो कर काम करे: मिठाई लाल भारती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ/सिद्धार्थनगर।** सपा बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने बतायाकि समाजवादी पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में "संविधान बचाओ पीडीए सम्मेलन" का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती रहे, जबकि संचालन राष्ट्रीय सचिव बहरइची प्रसाद प्रेमी ने किया।

मुख्य अतिथि मिठाई लाल भारती ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए पीडीए समाज को एकजुट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पिछड़े, दलित एवं वंचित समाज का राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग करती है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और संविधान की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता ने संविधान बचाने के उद्देश्य से समाजवादी पार्टी का समर्थन किया और भाजपा के संविधान संशोधन के इरादों को विफल किया। उन्होंने दलित वोटों के विभाजन से बचने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया।

डुमरियागंज विधायक सैयदा खातून ने कहा कि वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव केवल सरकार बनाने का नहीं, बल्कि संविधान, आरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा का चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि पीडीए समाज को एकजुट होकर प्रदेश में



बदलाव लाने के लिए आगे आना चाहिए।

सम्मेलन को पूर्व विधायक विजय पासवान, पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह, प्रदेश सचिव राममिलन भारती सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बेचई यादव, राजेंद्र प्रसाद, पुनीत कुमार, विवेक भास्कर, चंद्रभान पहलवान, रिन्धू पासवान, प्रदीप पत्थरकट, सुनीता गोस्वामी, सुधा त्रिपाठी, ज्योति सिंह एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में जिला अध्यक्ष लालजी यादव ने सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।

# कांवड़ लेने जा रहे पंचायत सहायक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, दूसरा निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत से लड़ रहा जंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली (मोनू सिंह)।** थाना असमोली क्षेत्र के गांव गरवारा निवासी व पंचायत सहायक अमित कुमार (28) की रजबपुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार ग्राम सैदपुर इम्मा के पंचायत सहायक रोहित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।



# सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** सावन के पहले सोमवार को शहर के शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो लगातार जारी है। मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। शिवभक्त कतार में लगकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। श्रद्धालु जल, दूध, बेलपत्र, पुष्प और भस्म अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। कृष्णेश्वर महादेव मंदिर, पातालेश्वर महादेव मंदिर, प्रकटेश्वर महादेव मंदिर और चंद्रेश्वर महादेव मंदिर समेत प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। महिलाओं और बच्चों में भी पूजा को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। कई मंदिरों में भजन-कीर्तन के साथ भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। मंदिरों के आसपास भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं नगर पालिका की ओर से मंदिरों के आसपास सफाई और चूना डलवाने की व्यवस्था की गई है। सावन के पहले सोमवार पर पूरा शहर शिवमय नजर आ रहा है।





# विश्व रक्तदाता दिवस पर VFS ग्लोबल का सराहनीय प्रयास: कर्मचारियों ने किया 212 लीटर रक्तदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** सुरक्षित गतिशीलता और प्रौद्योगिकी सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक कंपनी VFS ग्लोबल ने 'विश्व रक्तदाता दिवस 2026' के अवसर पर एक अनुकरणीय सामाजिक पहल की। कंपनी के कर्मचारी स्वयंसेवी कार्यक्रम 'चैंपियंस ऑफ चेंज' के तहत दुनिया भर के 18 शहरों में रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इन शिविरों में 500 से अधिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 212 लीटर से अधिक रक्तदान किया। इस अभियान में भारत की प्रमुख भूमिका रही, जहाँ देश के 14 शहरों से 400 से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लेकर 160 लीटर से अधिक रक्त एकत्र करने में अपना योगदान दिया।

स्थानीय ब्लड बैंकों के सहयोग से आयोजित इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूती प्रदान करना था। कर्मचारियों द्वारा किए गए इस रक्तदान से आपातकालीन उपचार, शल्य चिकित्सा (सर्जरी) और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए आवश्यक रक्त आपूर्ति में बड़ी मदद मिलेगी। यह पहल विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के नियमित और स्वैच्छिक रक्तदान के संदेश को चरितार्थ करती है।

इस पहल पर बात करते हुए VFS ग्लोबल (साउथ एशिया) की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, युम्मी तलवार ने कहा, "VFS ग्लोबल में हमारा मानना है कि सार्थक सामाजिक बदलाव की शुरूआत व्यक्तिगत प्रयासों से होती है। हमारे कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी उन मूल्यों को दर्शाती है, जिनके जरिए हम अपने समाज का समर्थन करते हैं। 'चैंपियंस ऑफ चेंज' के माध्यम से हम अपने कार्यक्षेत्र और उससे बाहर स्वयंसेवा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

VFS ग्लोबल की यह पहल दर्शाती है कि कॉरपोरेट जगत न केवल व्यावसायिक सफलता, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक कल्याण के प्रति भी पूरी निष्ठा से समर्पित हो सकता है।

# संभल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत की हुई बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लायबा नूर)।** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत की बैठक में वर्ष 2026 के सम्मानों की घोषणा सोमवार को कर दी गई जिसमें प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी का चयन प्रदेश गौरव सम्मान के लिए जबकि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्रो सचिन माहेश्वरी का चयन सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन इसके साथ ही कुलपति प्रो सचिन माहेश्वरी का चयन सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन इसके साथ ही मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह और मुरादाबाद के जिला अधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया का चयन महात्मा गौतमबुद्ध शान्ति सम्मान के लिए चयन किया गया। तथा इसके साथ ही भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सत्यपाल सिंह सैनी को भारत-रत्न डॉ बी आर अम्बेडकर प्रतिभा सम्मान के लिए जहां चयन किया गया वहीं एटा के जिला जज अध्यापिका जबेरिया तारिक का चयन हम्माद अहमद स्मृति अवार्ड के लिए किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2026 के शिक्षक कर्त्तव्यनिष्ठ सम्मान के लिए डॉ राष्ट्र वर्धन-प्राचार्य (राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सम्भल), डॉ अमृतेश अवस्थी एवं डॉ अजय कुमार (एमजीएम कॉलेज सम्भल), नुशक सबा प्रवक्ता (आजाद गर्ल्स इण्टर कॉलेज सम्भल, मनोज कुमार सहायक शिक्षक (अजकदीर इण्टर कॉलेज सम्भल), मनोज कुमार शर्मा -



मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह और मुरादाबाद के जिला अधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया का चयन महात्मा गौतमबुद्ध शान्ति सम्मान के लिए चयन किया गया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत की बैठक समिति के प्रशासनिक कार्यालय सम्भल में समिति के संरक्षक/सलाहकार डॉ ए एच रजा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में कार्यो की समीक्षा करते हुए समिति के अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम व महासचिव कुसुम ने संयुक्त रूप से वर्ष 2026 के सम्मानों की पहली सूची जारी कर दी गई।जिसमें प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी का चयन प्रदेश गौरव सम्मान के लिए जबकि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के (एमएसीटी) का चयन साबित्री बाई फूले सम्मान के लिए किया गया। जबकि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली के उपनिदेशक नसीम नकबी का चयन साहित्य रत्न सम्मान के लिए किया गया। सम्भल के उद्योगपति कमल कौशल वार्ष्णेय का चयन सम्भल गौरव सम्मान के लिए जबकि सम्भल के चिमियावली गांव निवासी विकलांग मंजू का चयन महिला सशक्तिकरण सम्मान के लिए किया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में मुरादाबाद की डॉ शिवा मकसूद का चयन वरिष्ठ समाजसेविका व महिला रोग विशेषज्ञ डॉ सुधा सक्सेना की स्मृति में दिये जाने वाले डॉ सुधा सक्सेना स्मृति एवार्ड के लिए किया गया। जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुर खुम्वार की सहायक प्रधानाचार्य (ग्लोबल हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल बदायूं),एवं डॉ नेहा मलय-प्रधानाचार्या (भगत जी इंटरनेशनल स्कूल बहजोई) का चयन किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नाहिद रजा ने बताया कि सम्मानों की दुसरी सूची शीघ्र ही घोषित की जायेगी बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नाहिद रजा, महाप्रबंधक रूबी, उपाध्यक्ष चिंकी दिवाकर,उप परीक्षा सचिव मन्जू सक्सेना, मन्तशा तौफीक, आसिया जूही, चांदनी खान, प्रदीप कुमार गुप्ता, रजनी कान्ता चौहान आदि मौजूद रहें। अध्यक्षता डॉ ए एच रजा व संचालन चिंकी दिवाकर ने किया इसके अलावा हरियाली तीज पर्व पर 9 अगस्त को होने वाले तीजोत्सव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# यूपीएसआई-2026 में महिला वर्ग में टॉप करने पर धौलाना में तैनात महिला आरक्षी माधुरी सिंह जादौन सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** धौलाना थाने में तैनात महिला आरक्षी माधुरी सिंह जादौन को उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (यूपीएसआई)-2026 भर्ती परीक्षा में ऑनलाइन पढ़ाई के दम पर महिला वर्ग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सोमवार को सम्मानित किया गया। अखंड राजपूताना सेवा संस्थान युवा विंग की ओर से आयोजित समारोह में किसान नेता ठाकुर ललित राणा व राष्ट्रीय अध्यक्ष राणा धीरज तोमर ने उन्हें महाराणा प्रताप का प्रतीक चिन्ह, स्मृति चिन्ह एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर धौलाना धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा को भी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए राणा धीरज तोमर ने कहा कि आज के दौर



में युवा सोशल मीडिया और अनावश्यक गतिविधियों में समय व्यर्थ कर रहे हैं, जबकि माधुरी सिंह जादौन ने केवल ऑनलाइन अध्ययन, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य समाज की प्रतिभाशाली बेटियों और युवाओं को सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

# संदीप परमार ने संभाला विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग का पदभार

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन के माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत



अधिकारी संदीप परमार ने पदोन्नति के उपरांत सोमवार को विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग के पद पर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विशेष सचिव संदीप परमार को नई प्रशासनिक जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा सचिवालय सेवा के अधिकारियों को वर्तमान तैनाती के विभाग में ही विशेष सचिव के पद पर नियमित पदोन्नति की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम में बड़ा बदलाव, बीसीसीआई ने किया जसप्रीत बुमराह के रिप्लेसमेंट का ऐलान

**नई दिल्ली ।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी इंजरी से रिकवर न होने के कारण श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। बुमराह की जगह पर जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सइ पर बताया कि बुमराह अपने बाएं घुटने की इंजरी से समय रहते रिकवर नहीं हो सके हैं और इसी कारण वह श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। बुमराह को यह चोट इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान लगी थी। बुमराह का बाहर होना भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। बुमराह के स्थान पर घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को बुमराह की स्थान पर टीम में मौका मिला है। नबी ने जम्मू-कश्मीर को इस बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने टूनार्मेंट में कुल 60 विकेट अपने नाम किए थे। पिछले दो रणजी सीरीज में नबी 104 विकेट निकाल चुके हैं। वह हाल ही में श्रीलंका दौरे पर गई भारत ए टीम का हिस्सा भी रहे थे, जहां उन्होंने दो मुकाबलों में 6 विकेट झटके थे। नबी के पास इंटरनेशनल स्टेज पर अपनी काबिलियत को साबित करने का




यह सुनहरा मौका होगा। आकिब अब तक खेले 43 फर्स्ट क्लास मैचों में 18 की औसत से 162 विकेट चटका चुके हैं और उन्होंने एक पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा 16 बार किया है। वहीं, लिस्ट-ए क्रिकेट में आकिब 36 मुकाबलों में 27 की एवरेज से 56 विकेट निकाल चुके हैं। घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के कारण आकिब को भारतीय टेस्ट टीम में जगह देने की मांग लंबे समय से उठ रही थी। श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 15 अगस्त से होना है। पहला टेस्ट मैच गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। इसके बाद दूसरे टेस्ट मैच का आगाज 23 अगस्त से होना है, जो कोलंबो में खेला जाना है। सीरीज की शुरूआत से पहले भारतीय टीम श्रीलंका इलेवन के खिलाफ तीन दिवसीय मैच खेलेगी, जिसकी शुरूआत 7 अगस्त से होनी है।

**तृतीय सत्र**

## लापरवाही पर किसी भी दोषी अधिकारियों/ कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा:श्री ए के शर्मा

# क्वालिटी पावर और स्वच्छ शहर हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : ए.के. शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज विधान परिषद के तृतीय सत्र के प्रथम दिन विभिन्न विभागीय प्रश्नों का उत्तर देते हुए सरकार की विकासोन्मुखी कार्यशैली, पारदर्शिता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को सदन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा।

विधान परिषद सदस्य मुकुल यादव द्वारा मैनपुरी में नगर पालिका के कचरा निस्तारण संयंत्र से संबंधित प्रश्न के उत्तर में मंत्री शर्मा ने बताया कि नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु प्लांट वर्ष 2012 से संचालित एवं क्रियाशील है। नगर में उपलब्ध लगभग 50 हजार मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए 19 मार्च 2026 को कार्यादेश जारी किया जा चुका है। प्लांट एवं आवश्यक मशीनरी स्थापित कर कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा प्रतिदिन लगभग 20 टन ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी वर्तमान सरकार पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा छोड़ी गई गंदगी को साफ करने का कार्य कर रही है। विधान परिषद सदस्य श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी द्वारा सिद्धार्थनगर में परिवर्तकों पर हुए व्यय से संबंधित प्रश्न के उत्तर में ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया कि कार्य तत्कालीन स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप ही कराया गया है। उन्होंने कहा किसी भी प्रकार की अनियमितता को स्वीकार नहीं किया जाएगा साथ ही लापरवाही पाए जाने पर किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।



एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके लिए विद्युत अवसंरचना का लगातार विस्तार किया जा रहा है तथा आवश्यकता के अनुरूप सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय बिजली व्यवस्था अत्यंत जर्जर थी। न पर्याप्त खंभे थे, न तार और न ही विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था। आज उत्तर प्रदेश बिजली उत्पादन, आपूर्ति और वितरण के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है और जनता को पावर क्वालिटी देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# 05 अगस्त को विकास भवन सभागार में आयोजित होगा जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव

**मेरठ।** जनपद के दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों एवं कृषकों को डेयरी व्यवसाय के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक प्रबंधन एवं शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दुग्धशाला विकास विभाग एवं पशुपालन विभाग के सयुंक्त तत्वावधान में 05 अगस्त 2026 को 10.00 बजे से विकास भवन सभागार, मेरठ में जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक एवं नोडल अधिकारी, नन्दबाबा दुग्ध मिशन, मेरठ ने बताया कि कॉन्क्लेव का उद्देश्य डेयरी व्यवसाय से जुड़े कृषकों एवं पशुपालकों को आधुनिक डेयरी प्रबन्धक, गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन, पशुपालन में नवीन तकनीकों तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करना है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके और डेयरी व्यवसाय को अधिक लाभकारी बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक डेयरी प्रबन्धक, डेयरी प्रसंस्करण, संतुलित एवं वैज्ञानिक चारा प्रबन्धक, पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, दुग्ध मूल्य संवर्धन, तथा दुग्धशाला विकास विभाग एवं पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267